बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 14 – 25 |
| आर्द्रता | 48% |
| सूर्योदय: 06:13 | सूर्यास्त: 16:58 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




दीप्ति आईसीसी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष टी20 गेंदबाज बनीं पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** इच्छाओं और साधनों में सामंजस्य होना ही जीवन की सफलता है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर देशभर में आक्रोश

# कोलकाता में बांग्लादेशी उप उच्चायोग के समक्ष हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, लाठीचार्ज में 20 से अधिक लोग घायल







### एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की हुई बर्बर हत्या के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व हिंदू जागरण मंच सहित संघ से जुड़े विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेशी उप उच्चायोग के समक्ष विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस लाठीचार्ज में 20 से अधिक प्रदर्शनकारी घायल हो गए। विरोध प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया जब प्रदर्शनकारी सियालदह से जुलूस की शक्ल में कोलकाता के बेकबागान इलाके में स्थित बांग्लादेशी उप उच्चायोग के कार्यालय की ओर आगे बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उससे पहले ही उनको रोक दिया। उसके बाद, प्रदर्शनकारी पुलिस के साथ भिड़ गए और बैरिकेड तोड़कर आगे बढने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस कर्मियों द्वारा घसीटकर पुलिस वैन में बिठाकर ले लाया गया, जिसमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। हिंदू हुंकार पदयात्रा शीर्षक से यह विरोध मार्च बंगीय हिंदू जागरण के बैनर तले आयोजित किया गया था। विश्व हिंदू परिषद के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि पुलिस लाठीचार्ज में कुल 21 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिंदू संगठनों का कहना है कि वो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बर हमलों के विरोध में ज्ञापन देने बांग्लादेश उप उच्चायोग जा रहे थे, पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज किया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के कारण बेकबागान व उससे सटे व्यस्त पार्क सर्कस इलाके में काफी देर तक तनाव व ट्रैफिक जाम की स्थिति रही। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन की अनुमति सीमित क्षेत्र तक ही थी, लेकिन प्रदर्शनकारी तय मार्ग से आगे बढने पर अड़े रहे। स्थिति को नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाकर भी अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने हिंदू-हिंदू, भाई-भाई, बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी नारे लगाए।

### दिल्ली से लेकर मुंबई, भोपाल और हैदराबाद तक सड़कों पर उतरी जनता

**नयी दिल्ली :** दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को देशभर में जनाक्रोश भड़क उठा। दिल्ली से लेकर कोलकाता, मुंबई, भोपाल और हैदराबाद तक सड़कों पर जनता का गुस्सा देखा गया। विहिप और बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले की निंदा करते हुए देशभर में प्रदर्शन किया। नयी दिल्ली में भगवा झंडे लिए और नारे लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल के सैकड़ों समर्थकों ने कड़ी सुरक्षा से लैस बांग्लादेश उच्चायोग के पास अवरोधक हटा दिए, जिसके बाद उनकी पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस के अनुसार, जब पुलिस भीड़ को काबू करने की कोशिश कर रही थी तो उस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को हटाकर इधर-उधर कर दिया। कम से कम 40 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हालात पर काबू पा लिया गया। एहतियात के तौर पर करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया।'

### भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया, हादी की हत्या की गहन जांच की मांग की

**नयी दिल्ली :** भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया और दोनों देशों के बीच संबंधों में आई तीव्र गिरावट के बीच, बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या की गहन जांच की मांग की। नयी दिल्ली ने यह कदम ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय में तलब किए जाने के कुछ घंटों बाद उठाया। वर्मा को नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हुई अफसोसजनक घटनाओं को लेकर विरोध दर्ज कराने के लिए तलब किया गया था।

### बांग्लादेश ने दूतावासों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया

**ढाका :** भारत में बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के मद्देनजर बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारत के उच्चायुक्त को तलब किया और उस समय उप उच्चायुक्त भी मौजूद थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्मा को 20 दिसंबर 2025 को नयी दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और आवास के परिसर के बाहर हुई अप्रिय घटनाओं और 22 दिसंबर को सिलीगुड़ी में स्थित वीजा केंद्र में विभिन्न चरमपंथी तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ पर ढाका की गंभीर चिंता से अवगत कराया गया।

### सोना 1,40,850 रुपये के नए शिखर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपये, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपये बढ़कर 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# बंगाल से केरल तक लहराएगा भगवा : नितिन नवीन



राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे नितिन नवीन, हुआ भव्य स्वागत

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बिहार पहुंचे नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक भगवा लहराने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार देश की राजनीति की धुरी है और यहां के जनादेश का असर पूरे भारत की राजनीति पर पड़ता है। मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि बिहार सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला केंद्र है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा संगठन को और मजबूत करने के लिए पार्टी एक लाख नए युवा नेतृत्वकर्ताओं को आगे लाने की योजना पर काम कर रही है। नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता देश में रहते हुए संविधान पर सवाल उठाते हैं और विदेश जाकर भारत की छवि को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने दोनों नेताओं को 'अंशकालिक राजनेता' करार देते हुए कहा कि राजनीति में सफलता के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होना जरूरी है। नवीन ने कहा कि अंशकालिक राजनीति से न तो संगठन मजबूत होता है और न ही जनता का भरोसा बनता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई 'शॉर्टकट' नहीं होता और भाजपा ही वह पार्टी है जो एक साधारण कार्यकर्ता को शीर्ष तक पहुंचाने की क्षमता रखती है। नवीन ने बिहार में भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को दिया। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, यह जीत केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यहां से बंगाल और तमिलनाडु तक जाएगी। हर जगह भगवा लहराएगा।

# हांसखाली नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म-हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद, नाबालिग रिहा

## मुख्य आरोपी के पिता को पांच साल की कैद, शेष दोषियों को भी सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले की एक अदालत ने हांसखाली में 2022 में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को नौ दोषियों में से तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। रानाघाट के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) न्यायालय ने ब्रजगोपाल गोआली, प्रभाकर पोद्दार और रंजीत मलिक को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत 14 वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने, आपराधिक साजिश रचने और सबूत नष्ट करने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी ब्रजगोपाल के पिता समरेंद्र गोआली को पांच साल कैद की सजा सुनाई गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि इनमें से एक दोषी घटना के समय नाबालिग था और उसे एक वर्ष तक अच्छा आचरण बनाए रखने की शर्त के साथ 50,000 रुपये के मुचलके पर रिहा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। अधिवक्ता ने बताया कि शेष दोषियों को आपराधिक साजिश, सबूतों को नष्ट करने और आपराधिक धमकी सहित अन्य अपराधों के लिए कम कारावास की सजा दी गई। बता दें कि रानाघाट की एडीजे अदालत ने हांसखाली में 2022 में चोटों के कारण दम तोड़ देने वाली किशोरी से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में नौ लोगों को सोमवार को दोषी ठहराया। उल्लेखनीय है कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत नेता के बेटे की जन्मदिन की पार्टी के दौरान चार अप्रैल 2022 को 14 वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। लड़की बीमार पड़ गई और अगले दिन उसकी मौत हो गई।

आरोपियों के कथित दबाव में जल्दबाजी में उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया और विपक्ष तथा सत्ताधारी दलों के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कोलकाता उच्च न्यायालय ने इस मामले की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा था। अधिवक्ता अनिंद्या दास ने कोलकाता उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर राज्य पुलिस से सीबीआई को जांच स्थानांतरित करने की मांग की थी, जिसमें उन्होंने इस बात पर चिंता जताई थी कि सत्ताधारी पार्टी के नेता के बेटे की संलिप्तता निष्पक्ष जांच को प्रभावित कर सकती है।






### भारत ने चक्रवात से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज की घोषणा की

**कोलंबो :** भारत ने चक्रवात 'दित्वा' से प्रभावित श्रीलंका के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की मंगलवार को घोषणा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने द्वीपीय देश के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और चक्रवात के बाद कोलंबो के पुनर्निर्माण के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे जयशंकर ने कहा कि जब श्रीलंका संकट का सामना कर रहा हो, ऐसे समय में भारत का आगे आना स्वाभाविक था।

### जापान में दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र को फिर शुरू करने पर स्थानीय मंजूरी मिली

**तोक्यो :** निगाता प्रांत के गवर्नर ने मंगलवार को इस उत्तर-मध्य प्रांत में स्थित काशिवाज़ाकी-कारीवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के दो रिएक्टरों को फिर से चालू करने के लिए स्थानीय तौर पर सहमति प्रदान कर दी।

### ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम में लॉटरी प्रणाली खत्म की

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए 'रैंडम' लॉटरी प्रणाली को समाप्त करने की घोषणा की है, जिसके तहत वीजा लाभार्थियों का चयन किया जाता था। इसकी जगह अब ऐसी प्रक्रिया लागू की जा रही है, जिसमें अधिक कुशल और अधिक वेतन पाने वाले व्यक्तियों को वीजा आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी।




## चीन की कामयाबी से सबक ले रोकें प्रदूषण

देश-दुनिया में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे।

हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

# भारत के नए मुक्त व्यापार समझौते से खेत से लेकर कारखाने तक रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी



पीयूष गोयल

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है - यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीएहै और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीएविकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीएवैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है।

प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

**रोजगार, विकास और बाजार पहुंच :** इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत-प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य-शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा।

भारत ने अपनी बाजार पहुँच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर :** इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगारऔर एक सुव्यवस्थित कार्य-अवकाश (वर्किंग-हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है।

एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।

**किसानों की तरक्की :** प्रधानमंत्री मोदी का विज़न स्पष्ट है: भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफटीएइस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा।

महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहेंऔर किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।

अभिनव एफटीए और निवेश प्रतिबद्धताएं

भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क-कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफटीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं।

विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच-समझकर और धीरे-धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफटीए देशों - स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन - के साथ हुए एफटीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता - अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये - एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है।

इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

**भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए :** यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है: यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीएहै। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में - मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक - अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं।

**भारत की एफटीएरणनीति :** भारत-न्यूजीलैंड एफटीएभारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण है: विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं।

मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन-देन नहीं हैं-ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेषकर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014के 'कमजोर पांच' में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है।

आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जाएं, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों।

व्यापार शासन में ताजगी भरा बदलाव

भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियाँ अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं तथा छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है।

वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करकेऔर राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे-जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं, यह एफटीएदिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव-केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है। **-लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं**

## रूस ने यूक्रेन पर 650 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, तीन लोगों की मौत

**कीव :** रूस ने सोमवार रात यूक्रेन पर 650 से अधिक ड्रोन और तीन दर्जन मिसाइलें दागीं। यह व्यापक हमला रात में शुरू हुआ और मंगलवार को दिन तक जारी रहा। इस हमले में चार वर्षीय बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बमबारी ने यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में घरों और बिजली ग्रिड को निशाना बनाया, जिससे भीषण सर्दी में व्यापक स्तर पर बिजली गुल हो गई। जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि बमबारी से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर आक्रमण जारी रखने का इरादा जाहिर हो गया है। यूक्रेनी और यूरोपीय अधिकारियों का दावा है कि पुतिन अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में गंभीरता से सहयोग नहीं कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, 'यह हमला रूसी प्राथमिकताओं का बेहद स्पष्ट संकेत है। यह व्यापक हमला क्रिसमस से ठीक पहले किया गया, जब लोग अपने परिवारों के साथ घर पर सुरक्षित रहना चाहते हैं। दरअसल, यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब इस युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत के प्रयास किए जा रहे हैं। पुतिन यह बात स्वीकार नहीं कर सकते कि हमें हत्याएं बंद करनी होंगी।'

# सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव



ललित गर्ग

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक उपभोक्ताओ से जुड़ी तिथि मात्र नहीं है, बल्कि यह उस मौलिक सत्य की स्मृति है कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संतुलन और नैतिक स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु उपभोक्ता ही होता है। उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने परिश्रम की कमाई को भरोसे, आवश्यकता और आशा के साथ बाज़ार में खर्च करता है। किंतु आज यही उपभोक्ता सबसे अधिक ठगा जा रहा है, भ्रमित किया जा रहा है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। ठगी, बेईमानी, मिलावट और गुणवत्ता-विहीन उत्पादों ने उपभोक्ता अधिकारों की नींव को हिला दिया है। यह स्थिति केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं रही, बल्कि उपभोक्ताओं के मानसिक, शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी जीवन पर गहरे और स्थायी आघात पहुँचा रही है। इसलिये उपभोक्ता दिवस मनाते हुए बाजार को आदर्श एवं स्वस्थ कलेवर देने के साथ उपभोक्ता हितों का संरक्षण जरूरी है।

आज का बाज़ार पहले की तुलना में अधिक जटिल, तेज़ और आक्रामक हो चुका है। उपभोक्ता के सामने विकल्पों की भरमार है, किंतु जानकारी और पारदर्शिता का अभाव है। चमकदार विज्ञापन, आकर्षक पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ता को निर्णय के उस बिंदु तक ले जाते हैं, जहाँ वह अक्सर वास्तविक गुणवत्ता और सुरक्षा को पहचान ही नहीं पाता। परिणामस्वरूप वह ऐसी वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करने को विवश होता है जो उसके स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुँचाती हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ, नकली दवाइयाँ, घटिया निर्माण सामग्री और डिजिटल ठगी के नए-नए रूप यह प्रमाणित करते हैं कि उपभोक्ता अधिकारों का हनन अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बनता जा रहा है।

यह विडंबना ही है कि जिस दौर में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसी दौर में भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं होता, बल्कि यह भी होता है कि उस विकास का लाभ आम नागरिक तक कितनी ईमानदारी और सुरक्षा के साथ पहुँच रहा है। यदि उपभोक्ता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध नहीं हो पा रहे, तो यह विकास अधूरा और खोखला है। उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन केवल जेब पर चोट नहीं करता, वह राष्ट्र के आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति को भी कमजोर करता है।

उपभोक्ता जब बार-बार ठगा जाता है, तो उसके मन में बाज़ार और व्यवस्था दोनों के प्रति अविश्वास जन्म लेता है। यह अविश्वास धीरे-धीरे मानसिक तनाव, चिंता और असुरक्षा की भावना में बदल जाता है। मिलावटी भोजन और नकली दवाइयों से उत्पन्न बीमारियाँ केवल शारीरिक कष्ट नहीं देतीं, बल्कि परिवार और समाज पर दीर्घकालिक आर्थिक बोझ भी डालती हैं। इस प्रकार उपभोक्ता अधिकारों का हनन एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह सामाजिक और राष्ट्रीय समस्या का रूप ले लेता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उपभोक्ता शोषण राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर आघात है।

**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस - 24 दिसम्बर, 2025**

सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण कानून, मानक निर्धारण संस्थाएँ और शिकायत निवारण तंत्र अपने आप में महत्वपूर्ण हैं, किंतु उनकी प्रभावशीलता तब ही सिद्ध होगी जब वे काग़ज़ों से निकलकर ज़मीन पर दिखाई दें। आज आवश्यकता है अधिक सशक्त शासन की, अधिक सक्रिय निगरानी की और अधिक संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टि की। उपभोक्ता संरक्षण केवल एक विभाग या मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समग्र शासन व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक मिलावट, धोखाधड़ी और भ्रामक व्यापारिक प्रथाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उपभोक्ता अधिकारों की बात केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित रह जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि हम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की ओर देखें, तो स्पष्ट होता है कि वहाँ उपभोक्ता अधिकारों को केवल कानून के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति के रूप में स्वीकार किया गया है। उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा मानक, पारदर्शी जानकारी और त्वरित न्याय वहाँ बाज़ार की अनिवार्य शर्तें हैं। भारत को भी इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए केवल सस्ता उत्पादन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि अनिवार्य है। भारतीय उपभोक्ता को यह महसूस होना चाहिए कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता से कम सुरक्षित या कम सम्मानित नहीं है।

इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वास की बात करती है, जो अपने आप में अत्यंत विचारोत्तेजक है। सुरक्षा केवल उत्पाद की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा है। गुणवत्ता केवल वस्तु की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की गुणवत्ता है जो उपभोक्ता को न्याय और सम्मान देती है। विश्वास केवल बाज़ार पर नहीं, बल्कि शासन और कानून पर विश्वास है। यदि ये तीनों तत्व सशक्त नहीं होंगे, तो उपभोक्ता दिवस का संदेश अधूरा रह जाएगा। उपभोक्ताओं के हितों की वकालत करता हुआ यह दिवस उपभोक्ताओं के अधिकारों, दायित्वों और संरक्षण की चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन याद दिलाता है कि उपभोक्ता केवल खरीददार नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था की आत्मा हैं, बाजार की शक्ति एवं गति है।। बदलते आर्थिक परिवेश में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानूनों ने एक मजबूत आधार दिया है, किंतु उनके प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और जन-जागरूकता के बिना उपभोक्ता सशक्तिकरण अधूरा रह जाता है। इसलिए राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को औपचारिकता नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल मार्केटिंग की चुनौतियां आज उपभोक्ता हितों के लिए सबसे बड़ी कसौटी बनकर उभरी हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भ्रामक विज्ञापन, फर्जी रिव्यू, डेटा गोपनीयता का उल्लंघन, छिपी शर्तें और एल्गोरिद्म-आधारित मूल्य भेदभाव उपभोक्ता को असहाय बना रहे हैं। डिजिटल लेनदेन की सुविधा के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी और गलत सूचना का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को डिजिटल साक्षर बनाना, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना समय की मांग है, ताकि तकनीक उपभोक्ता के लिए सहायक बने, शोषण का साधन नहीं।

'जागो ग्राहक जागो' अभियान को आज क्रांतिकारी रूप देने की आवश्यकता है। यह अभियान केवल नारों और विज्ञापनों तक सीमित न रहकर व्यवहारिक प्रशिक्षण, स्कूल-कॉलेज पाठ्यक्रमों, स्थानीय भाषाओं और डिजिटल माध्यमों से जुड़ना चाहिए। साथ ही उपभोक्ता हितों को लेकर बने कानूनों को अधिक लचीला, सरल और व्यापक पहुंच वाला बनाना जरूरी है, ताकि आम उपभोक्ता बिना भय और जटिलता के न्याय पा सके। त्वरित अदालतें, ऑनलाइन सुनवाई और सामूहिक शिकायतों की प्रभावी व्यवस्था उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करेगी। जब कानून संवेदनशील होंगे और जागरूकता व्यापक, तभी उपभोक्ता सशक्तिकरण वास्तविक अर्थों में संभव होगा। आज आवश्यकता है कि उपभोक्ता अधिकारों को राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया जाए। उपभोक्ता को जागरूक करना, उसे उसके अधिकारों और दायित्वों की जानकारी देना और उसे यह विश्वास दिलाना कि व्यवस्था उसके साथ खड़ी है, यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही व्यापार जगत को यह समझना होगा कि अल्पकालिक लाभ के लिए उपभोक्ता के साथ किया गया अन्याय दीर्घकाल में स्वयं उनके अस्तित्व को भी संकट में डाल सकता है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था वही होती है जिसमें उपभोक्ता और उत्पादक के बीच भरोसे का संबंध हो।

अंततः यह स्पष्ट है कि उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। उपभोक्ता का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और उपभोक्ता की सुरक्षा राष्ट्र की सुरक्षा है। जब भारत विकास की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है, तब यह अनिवार्य है कि यह विकास उपभोक्ता के स्वास्थ्य, मानसिक शांति और विश्वास की कीमत पर न हो। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस हमें यही संदेश देता है कि सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है और इस नींव को मजबूत करने के लिए शासन, समाज और बाज़ार सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी होगी। इसी से नया भारत, सशक्त भारत एवं समृद्ध भारत बन सकेगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### लंदन में कार्यक्रम के वीडियो में ललित मोदी और विजय माल्या नजर आये



**लंदन :** आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी ने लंदन में विजय माल्या के 70वें जन्मदिन की पार्टी का एक सोशल मीडिया वीडियो पोस्ट किया है और उन दोनों की जोड़ी को भारत का ''दो सबसे बड़ा भगोड़ा'' बताया गया है। ललित मोदी के इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया गया वीडियो पिछले कुछ दिनों में माल्या के जन्मदिन समारोह को दर्शाने वाला दूसरा वीडियो है। माल्या भारत में किंगफिशर एयरलाइंस को दिए गए ऋणों के संबंध में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में वांछित है। वीडियो में ललित मोदी को यह कहते सुना जा सकता है, हम दो भगोड़े हैं, भारत के सबसे बड़े भगोड़े। इस वीडियो का शीर्षक है, ''चलिए भारत में इंटरनेट पर फिर से धमाल मचाते हैं। मेरे दोस्त विजय माल्या को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वीडियो में ललित को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है, आप मीडिया वालों के लिए कुछ। क्या आपने ईर्ष्या से सुना।

### अमेरिका ने चीनी नागरिक को निर्वासित करने की अपनी योजना वापस ली

**वाशिंगटन :**अमेरिकी गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने उस चीनी नागरिक को निर्वासित करने की अपनी योजना वापस ले ली है जो अवैध रूप से देश में दाखिल हुआ था। दो मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस मामले ने यह सार्वजनिक चिंता पैदा कर दी थी कि यदि उसे निर्वासित किया गया तो चीन के शिनजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार उल्लंघनों को उजागर करने में मदद करने के कारण बीजिंग उसे दंडित कर सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 दिसम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष चतुर्थी, 13:08 तक, नक्षत्र : श्रावण, 06:58 तक, योग : हरषाना, 15:54 तक, सूर्योदय: 06:13, सूर्यास्त: 16:58, चन्द्रोदय : 09:21, चन्द्रास्त: 20:47, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 11:36 से 12:55

## राशिफल

**मेष :** आज लक्ष्मी भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। ऐसे में रात 09 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो सकती है। राज्य से विशेष मान-सम्मान प्राप्त होने की संभावना है।

**वृष :** आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।

**कर्क :** आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**सिंह :** आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** माली हालत की बात करें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में आपके लिए कार्यशील रहना आवश्यक है। काम में नई जान आएगी।

**धनु :** आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

**मकर :** आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3301

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | ■ | |
| 26 | ■ | | ■ | 27 | | | 28 | ■ | |
| 29 | | | | | ■ | ■ | 30 | | |

*बायें से दाये:-* 1) अप्सरा, 4) सब, 7) दृढ़ता, 9) लुच्चा, 10) साधन; ज़रिया, 11) सौदेबाज़ी, 13) विदा लेना, 14) लेप, 16) सलोना, 18) शेष, 19) निषिद्ध, 20) एक पालतू पशु, 22) निगाह, 24) एक हिंस्र पशु, 27) रजनीगंधा, 29) अवसरवादी, 30) देशस्तरीय.

*ऊपर से नीचे:-* 1) देहान्त, 2) फूल-पौधे लगाने का कूँड़ा, 3) गर्व, 4) निशानी, 5) शोर, 6) शिव, 8) गूढ़ बात जानना, 10) मातहत, 12) हल्की नींद, 13) पशु, 15) गुच्छा, 17) गंदा, 18) वार्तालाप, 21) शासकीय, 23) स्त्रीय, 25) चांदनी, 26) प्रतिदिन, 27) रहस्य; भेद, 28) ताड़ का निर्यास.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ■ | ग्रा | ह | क | ■ | ज | टि | ल | ता |
| दा | ■ | म | ■ | वि | शा | ल | ■ | ■ | ज |
| स | र | पं | च | ■ | ■ | च | म | च | म |
| ■ | ■ | चा | र | मी | ना | र | ■ | ■ | ह |
| मु | ला | य | म | ■ | दा | ■ | कु | श | ल |
| स | ■ | त | ■ | अ | न | जा | न | ■ | ■ |
| ल | क्ष्य | ■ | ब | स | ■ | ■ | बा | ल | क |
| मा | ■ | स | म | र | भू | मि | ■ | की | ड़ा |
| न | सी | ब | ■ | ■ | ल | ल | का | र | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3259

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 9 | 8 | | | |
| | | 6 | | | 5 | | | 4 |
| | | 9 | 3 | | | | 8 | |
| | | | | 4 | | 1 | 6 | 3 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | | | 2 | | 3 | |
| 2 | | | | | | 6 | | |
| 8 | 9 | | 7 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3258 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 |

# राज्य में कुकुरमुत्तों की तरह नर्सिंग कॉलेज! ऑडिट के आदेश

## हाईकोर्ट ने काउंसिल को दी समयसीमा

**कोलकाता :** राज्यभर में नर्सिंग कॉलेज खोलकर अवैध रूप से पैसा कमाने के आरोपों पर कोलकाता हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य में कितने नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं, उनमें कितने छात्र नामांकित हैं और किस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है–इन तमाम सवालों की तह तक जाने के लिए न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस ने पूरे राज्य में ऑडिट कराने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, राज्य नर्सिंग काउंसिल को छह महीने के भीतर पूर्ण ऑडिट कर रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी। इतना ही नहीं, ऑडिट के दौरान यदि किसी कॉलेज में अवैध गतिविधियों के प्रमाण मिलते हैं, तो तत्काल एफआईआर दर्ज करने का अधिकार भी काउंसिल को दिया गया है।

इस आदेश के दौरान न्यायमूर्ति बोस ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में कितने नर्सिंग कॉलेज खुल रहे हैं और कितने बंद हो रहे हैं, इसका कोई विश्वसनीय आंकड़ा तक मौजूद नहीं है। रोजगार की उम्मीद में हजारों युवक-युवतियां मोटी रकम देकर इन कॉलेजों में दाखिला ले रहे हैं। लेकिन जैसे ही कारोबार घाटे में जाता है, कॉलेज बंद कर दिए जाते हैं और छात्रों के भविष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती।

अदालत ने यह भी कहा कि इन संस्थानों पर वास्तविक निगरानी का घोर अभाव है। केवल नर्सिंग कॉलेज ही नहीं, बल्कि ट्रस्टों के जरिए स्कूल-कॉलेज भी चलाए जा रहे हैं।



शिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे ट्रस्टियों के नियंत्रण में चली गई है, जबकि सरकार की ओर से प्रभावी नियंत्रण और निगरानी दिखाई नहीं देती, जो स्वीकार्य नहीं है।

यह आदेश दक्षिण 24 परगना के आमतला स्थित वेदांत नर्सिंग कॉलेज से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान दिया गया। कॉलेज की दो छात्राओं ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि प्रथम वर्ष पूरा होने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों की संख्या कम होने का हवाला देकर कॉलेज बंद करने की सूचना दी, जबकि उनसे नर्सिंग कोर्स में दाखिले के लिए तीन-तीन लाख रुपये वसूले गए थे।

इसी मामले की सुनवाई के दौरान राज्य की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था की चिंताजनक तस्वीर अदालत के सामने आई। जानकारों का मानना है कि छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए हाईकोर्ट का यह सख्त कदम बेहद अहम है।

## बालिगंज से प्रत्याशी नहीं होंगी निशा चट्टोपाध्याय, 'उस सीट से मुस्लिम उम्मीदवार उतारेंगे' : हुमायूं का ऐलान

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी जनता उन्नयन पार्टी का नाम घोषित करते हुए हाल ही में 10 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। इस सूची में बालिगंज विधानसभा क्षेत्र से निशा चट्टोपाध्याय को प्रत्याशी बनाया गया था। लेकिन सूची जारी होने के 24 घंटे के भीतर ही उम्मीदवार बदलने का फैसला सामने आ गया।

जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने साफ किया है कि अब बालिगंज से निशा चट्टोपाध्याय चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने घोषणा की कि इस सीट से मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाएगा। हुमायूं कबीर ने बताया कि आगामी सात दिनों के भीतर नए प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, निशा चट्टोपाध्याय से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं, जिन्हें पार्टी अपनी छवि के लिए नुकसानदेह मान रही है। इसी कारण प्रत्याशी बदलने का निर्णय लिया गया है। बताया जा रहा है कि निशा अब जनता उन्नयन पार्टी के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ेंगी।

### 'हिंदू होने की वजह से टिकट काटा गया' : निशा चट्टोपाध्याय का आरोप

निशा चट्टोपाध्याय ने पार्टी के फैसले पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें सोशल मीडिया वीडियो के कारण नहीं, बल्कि हिंदू होने की वजह से प्रत्याशी सूची से हटाया गया है। मंगलवार को इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए निशा ने कहा कि पार्टी के इस कदम से उन्हें सामाजिक तौर पर अपमान का सामना करना पड़ रहा है। निशा चट्टोपाध्याय का कहना है कि हुमायूं कबीर ने खुद उन्हें प्रत्याशी बनने के लिए कहा था, लेकिन अब अचानक उनके खिलाफ तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर पार्टी वास्तव में सेक्युलर है, तो फिर धर्म के आधार पर उन्हें क्यों हटाया गया। निशा ने दावा किया कि सोशल मीडिया वीडियो महज बहाना हैं और असली वजह उनकी धार्मिक पहचान है।

### बंगाल में एकता दल यूनाइटेड लड़ेगी विधानसभा चुनाव



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एकता दल यूनाइटेड अपने उम्मीदवार उतारने की योजना बनाई है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए एकता दल यूनाइटेड के संयोजक संजय कुमार सिंह अपने प्रदेश अध्यक्ष सानू कुमार बरवा और पार्टी के सलाहकार मोहम्मद असलम अंसारी के साथ कोलकाता में मंथन कर रहे है। और जल्द ही पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा की जाएगी एवं कितनी सीटों पर उम्मीदवार दिया जाएगा, इसकी भी घोषणा की जाएगी।

### पहाड़ों में नियुक्ति घोटाला: 313 शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के आदेश को जीटीए ने डिवीजन बेंच में दी चुनौती

❑ मामले की सुनवाई जल्द होने की संभावना

**कोलकाता :** पहाड़ी इलाकों में नियुक्ति घोटाले के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। पिछले सप्ताह कोलकाता हाईकोर्ट की सिंगल बेंच द्वारा 313 शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के आदेश को चुनौती देते हुए अब गोरखा टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) ने डिवीजन बेंच का रुख किया है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को जीटीए की ओर से डिवीजन बेंच में याचिका दायर की गई। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की डिवीजन बेंच में होने की संभावना है। सिंगल बेंच के आदेश के अनुसार पहाड़ों में की गई कई नियुक्तियां रद्द की जानी थीं, जिसे अब जीटीए ने कानूनी रूप से चुनौती दी है। जीटीए का दावा है कि सिंगल बेंच के फैसले में कई असंगतियां हैं और इसी कारण इस पूरे मामले की पुनः समीक्षा आवश्यक है। संगठन ने अदालत से आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में न्यायमूर्ति विश्वजीत बोस ने पहाड़ों में कथित नियुक्ति घोटाले की सुनवाई की थी। सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति ने आदेश दिया था कि 313 शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की जाएं। इसके साथ ही अदालत ने इस नियुक्ति प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए सीआईडी जांच जारी रखने का निर्देश भी दिया था। अदालत ने स्पष्ट किया था कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच जरूरी है और जांच के जरिए पूरी नियुक्ति प्रक्रिया की सच्चाई सामने आने की उम्मीद है। अब डिवीजन बेंच में होने वाली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## साओ पोलो से कोलकाता मादक पदार्थ तस्करी, बोलिवियाई महिला को 12 साल की सजा

**2017 में दमदम एयरपोर्ट से 11 करोड़ रुपये के कोकीन के साथ हुई थी गिरफ्तारी**

**कोलकाता :** ब्राजील के साओ पोलो से दुबई के रास्ते कोलकाता में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में बारासात अदालत ने बड़ी सजा सुनाई है। करीब आठ साल तक चली सुनवाई के बाद एक बोलिवियाई महिला को 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी गई है। दोषी का नाम येनी साउसीदो चाओ (उम्र 53 वर्ष) है। इसके साथ ही अदालत ने उस पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त पांच महीने की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने दोनों सजाओं को साथ-साथ चलने का आदेश दिया है। यह फैसला न्यायाधीश देबज्योति मुखर्जी ने सुनाया।

मामला वर्ष 2017 का है। मादक पदार्थ तस्करी की गुप्त सूचना के आधार पर नवंबर महीने में दमदम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कोलकाता नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक विदेशी महिला को हिरासत में लिया था। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला पहली बार साओ पाउलो से दुबई होते हुए कोलकाता पहुंची थी। तलाशी के दौरान उसके ट्रॉली बैग से करीब 2 किलो 100 ग्राम कोकीन बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 11 करोड़ रुपये बताई गई।

भारत में कोकीन प्रतिबंधित मादक पदार्थ है, जिसे अवैध तरीके से देश में लाने की साजिश रची गई थी। आरोपी के खिलाफ बारासात अदालत के छठे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में मामला चला। लंबी सुनवाई के बाद सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया और मंगलवार को सजा सुनाई।

एनसीबी की ओर से पेश अधिवक्ता कल्लोल सेन ने बताया कि आरोपी को प्रतिबंधित कोकीन रखने और विदेश से तस्करी करने के दो आरोपों में दोषी ठहराया गया है। अदालत के इस फैसले को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### श्यामबाजार में 201 कछुए बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्यामपुकुर थाना इलाके में श्यामबाजार ट्रैफिक गार्ड के ड्यूटी पर तैनात सार्जेंट ने हावड़ा से बामनगाछी में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 201 कछुओं को जब्त कर लिया। साथ ही, दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, श्यामबाजार पांच माथा मोड़ पर एक लग्जरी टैक्सी ने ट्रैफिक कानून तोड़ा और सार्जेंट ने टैक्सी को रोका। फिर, टैक्सी के अंदर आगे और पीछे की सीटों पर कई बैग देखकर उन्होंने पूछा कि अंदर क्या है? टैक्सी के दो यात्रियों ने कहा कि कपड़े हैं। लेकिन, जब उन्होंने बैग सूंघे, तो उन्हें कछुए मिले। फिर, डिक्की में कुल 8 बैग मिले, जहां से कुल 201 कछुए पकड़े गए। शुरुआती पूछताछ में दोनों लोगों के नाम बाबूलाल और राकेश थे। पूछताछ में पता चला कि कछुए उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से ट्रेन से लाए गए थे। हर चीज की जांच की जा रही है। श्यामपुकुर थाने ने फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को इसकी जानकारी दे दी है।

## श्री श्याम दासी मण्डल के 37 वे वार्षिकोत्सव पर श्याममय हुआ बड़ाबाजार

**कोलकाता :** बड़ाबाजार के रविन्द्र सरणी स्थित ए.जे.एस बैंक्वेट में रविवार (21 दिसंबर) पूरे दिन बाबा श्याम के नाम की ऐसी धूम मची रही कि पूरा अंचल श्याममय हो गया। अनन्य श्याम भक्त श्यामलीन गायत्री देवी जोधानी द्वारा संस्थापित श्री श्याम दासी मण्डल (हावड़ा) के 37 वें वार्षिकोत्सव पर ताज़ा पुष्पों द्वारा सुसज्जित भव्य श्री श्याम दरबार में आयोजित ''अखाड़ा बाबा श्याम का मे अपने आराध्य देव बाबा श्याम को मनाने सुबह से अखंड ज्योत के साथ शुरु हुआ बाबा के भक्तों का आवागमन देर रात तक चलता रहा और बाबा के दीवाने श्याम नाम की सरिता में गोते लगाते, झूमते नाचते हुए बाबा श्याम



को रिझाने में मस्त दिखे।

बाबा श्याम की नयनाभिराम झांकी के समक्ष सुबह अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस महोत्सव में कोलकाता नगर निगम के पार्षदों संतोष पाठक, महेश शर्मा मीना देवी पुरोहित, विजय उपाध्याय, विजय ओझा, एलोरा साहा, संजय बक्शी, प्रदीप मजूमदार, सुरेश भुवालका व अनेक गणमान्य लोगों ने भी दरबार में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई।

श्याम गुणगान के लिये कोलकाता-हावड़ा के अनेक श्याम मंडलों ने तो हाजिरी लगाई साथ ही सूरजगढ़ श्री श्याम दरबार से श्याम भक्त श्री हजारी मल जी इंदौरिया एवं भजन प्रवाहक निहाल ठाकरान ने अपने सुरीले कंठ से श्याम महिमा की रसधारा में श्याम भक्तों को गोते लगवाए एवं सभी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। महाआरती तथा महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें संस्था के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## बंगाल: राज्यपाल ने कोलकाता में मैराथन दौड़ के दौरान स्टार्टर गन चलने की घटना की जांच के आदेश दिए

❑ **लोक भवन के अधिकारी का दावा- राज्यपाल ने स्टार्टिंग गन चलाते समय सभी तय सुरक्षा निर्देशों का पालन किया था**

**कोलकाता :** बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने 21 दिसंबर को शहर में आयोजित मैराथन दौड़ की शुरुआत के दौरान स्टार्टर गन चलने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं। लोक भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बोस ने निर्देश दिया है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाए, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या जानबूझकर सुरक्षा में सेंध लगाई गई थी, कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया गया था, या उनके जीवन को कोई खतरा था। उन्होंने कहा कि एक जांच समिति से इस मामले का विभिन्न दृष्टिकोणों से आकलन करने के लिए कहा गया है। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात एड-डी-कैंप, मेजर निखिल कुमार द्वारा एक रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया था कि स्टार्टर गन की व्यवस्था कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा की गई थी। इस बीच, राज्यपाल के कार्यालय ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें यह कहा गया था कि स्टार्टर गन को बिना किसी सावधानी के चलाया गया था और ऐसे दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया।

## युवाभारती स्टेडियम में अव्यवस्था मामले में 9 आरोपियों को सशर्त जमानत

**कोलकाता :** फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान युवाभारती क्रीड़ांगन में हुई गंभीर अव्यवस्था के मामले में गिरफ्तार किए गए 9 आरोपियों को विधाननगर अदालत ने सशर्त अंतरिम जमानत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जमानत की अवधि में आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा।

उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को लियोनेल मेसी अपने कोलकाता दौरे के तहत युवभारती क्रीड़ांगन पहुंचे थे। उन्हें देखने के लिए सैकड़ों फुटबॉल प्रेमी टिकट लेकर स्टेडियम में मौजूद थे। मेसी के पहुंचते ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया, लेकिन कुछ ही देर में हालात बेकाबू हो गए और स्टेडियम परिसर में भारी अव्यवस्था फैल गई।

घटना के बाद विधाननगर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी दिन मेसी के भारत दौरे के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त को हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं।

दर्शक दीर्घा में तोड़फोड़, आगजनी और सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने के आरोप में विधाननगर दक्षिण थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। इन सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच की प्रगति और परिस्थितियों पर विचार करते हुए आरोपियों को अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। अदालत ने निर्देश दिया है कि आरोपी जांच में बाधा नहीं डालेंगे और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस के समक्ष उपस्थित होंगे।

इस मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

### कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है 'विश्व मानवता, शक्ति तथा आध्यात्मिकता सम्मेलन

**कोलकाता :** कनोरिया फाउंडेशन की पहल के तहत, यूनिवर्सल स्पिरिचुअलिटी एंड ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा 'विश्व मानवता, शक्ति तथा आध्यात्मिकता सम्मेलन का 16वां संस्करण 26 दिसंबर 2025 को कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस साल का सम्मेलन आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता की थीम पर आधारित है और इसका उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्ष सह-अस्तित्व और सार्थक अंतर-धार्मिक संवाद के विचारों को सामने लाना है। कनोरिया फाउंडेशन के अध्यक्ष एच पी कनोरिया ने कहा कि विश्व सम्मेलन की अवधारणा धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीयता के विभाजनों से परे सार्वभौमिक मानवता के विचार को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा, यह मंच ऐसे समय में संवाद और नैतिक नेतृत्व को प्रोत्साहित करना चाहता है जब दुनिया भर के समाज बढ़ते ध्रुवीकरण का सामना कर रहे हैं।

## प्रत्येक जीव के मन में परमात्मा है



**कोलकाता :** माथुरवैश्य भवन में श्रीधाम, वृंदावन से पधारे श्रीभगवान भईयाजी के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा में प्रमुख यजमान मिथिलेश गुप्ता एवम् सभी यजमानों ने व्यास पीठ, भागवत पूजन भक्तिमय वातावरण में किया। ॐ नमो नारायणाय, ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव! से गूंज रहे सभागार में श्रीधाम, वृंदावन से पधारे भगवान भईया जी ने कहा प्रत्येक जीव के मन में परमात्मा है। नारायण भक्तों एवम् धर्म की रक्षा के लिये विविध रूपों और अवतारों में प्रकट होते हैं। भगवान शिव की महिमा और भक्तों पर उनकी कृपा तथा ज्योतिर्लिंगों और भक्ति से जुड़े प्रसंग एवम् शिव-पार्वती विवाह, शिव के कल्याणकारी स्वरूप पर कहा कोई चढ़ावे जल की धारा कोई चढ़ावे कच्चा दूध - सावन के महीने में रुद्राभिषेक शुभ माना जाता है। करदो सबका दुःख दूर हे बाग़म्बर वाले... भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण में आयोजक माथुरवैश्य इंटरनेशनल के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव प्रवीण गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, संगीता, शोभा, सारिका, अनीता, सरला, कुमकुम, प्रीति, मीना, रजनी, आशा, आरती, सोनिया, पुष्पा, झरना, पूनम, रेखा, मधु गुप्ता एवम् सैकड़ों श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गये।

## जाफराबाद में वक्फ कानून विरोध में दोहरे हत्याकांड के 13 दोषियों को उम्रकैद

❑ **पीड़ित परिवार को 15 लाख मुआवजे का आदेश**

❑ **परिवार फैसले से नाखुश, पीड़ित की पत्नी बोलीं... 'जाएंगी हाई कोर्ट'**

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले में हुए हिंसा के मामले में राज्य की एक अदालत ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने व्यक्ति और उसके बेटे की भीड़ द्वारा हत्या (लिंचिंग) के मामले में 13 लोगों को उम्रकैद की सजा दी है। यह मामला वक्फ (संशोधन) कानून के विरोध के दौरान हुई हिंसा से जुड़ा है। इस मामले की सुनवाई जंगीपुर की फास्ट-ट्रैक कोर्ट में हुई। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि मृतकों के परिवार को 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। बता दें कि ये पूरा मामला तब का है जब 12 अप्रैल को समसेरगंज थाना क्षेत्र के



जाफराबाद गांव में हरगोबिंद दास और उनके बेटे चंदन दास की उनके ही घर में भीड़ ने हत्या कर दी थी। उस समय जिले में वक्फ कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन चल रहे थे। हालात इतने खराब हो गए थे कि स्थिति संभालने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात करना पड़ा था। ऐसे में घटना के आठ महीनों के बाद जंगीपुर की फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने मामले के 13 आरोपियों को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा, अदालत ने सभी दोषियों को डकैती के लिए 10 साल, घर में जबरन घुसने के लिए 10 साल और दंगे में शामिल होने के लिए 5 साल की अतिरिक्त सजा दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। वहीं, मामले में विशेष लोक अभियोजक बिवास चटर्जी ने बताया कि सरकार से दोषियों के लिए फांसी की सजा की मांग की गई थी, क्योंकि यह 'दुर्लभ से दुर्लभ' मामला है। अब राज्य सरकार तय करेगी कि इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करनी है या नहीं। हालांकि, फैसले के बाद मृतक हरगोबिंद दास की पत्नी पारुल दास ने कहा कि वे इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तीन दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि उन्हीं की मुख्य भूमिका थी।

### एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने 'एमके इमर्जिंग स्टार्स फंड - सीरीज़ तखख' लॉन्च किया

**कोलकाता :** एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की एसेट मैनेजमेंट शाखा, एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (ईआईएमएल) ने अपने नए फंड 'एमके इमर्जिंग स्टार्स फंड - सीरीज़ तखख' के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेबी-पंजीकृत कैटेगरी-खखख अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड है। इस फंड का मुख्य उद्देश्य लिस्टेड इक्विटी और हाई-कन्विक्शन 'प्री-आईपीओ' अवसरों के मिश्रण से भारत में वेल्थ क्रिएशन (संपत्ति सृजन) के अगले चरण का लाभ उठाना है। एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, मनीष सोंथालिया ने कहा, एमके इमर्जिंग स्टार्स फंड - तखख ऐसे समय में लॉन्च किया गया है, जब भारत एक 'स्वर्णिम दशक' में प्रवेश कर रहा है। यह दौर मुख्य रूप से पांच दीर्घकालिक कारकों से संचालित है-बचत का वित्तीयकरण, घरेलू खपत में बढ़ोतरी, डिजिटल और एआई को अपनाने की तेज रफ्तार, त्वरित ऊर्जा परिवर्तन और वैश्विक स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बढ़ती प्रतिस्पर्धा।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पेश किया नया फंड

**कोलकाता :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत आईसीआईसीआई प्रू सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। इस फंड का लक्ष्य है, ग्राहकों को भारतीय अर्थव्यवस्था के 20 से ज़्यादा प्रमुख खंडों की उत्कृष्ट कंपनियों में निवेश का मौका प्रदान कर पहले से तैयार (रेडी मेड) इक्विटी पोर्टफोलियो मुहैया कराना। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, मनीष कुमार ने लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड निवेशकों को भारत की दीर्घकालिक वृद्धि क्षमता का फायदा उठाकर संपत्ति सृजन का आसान और असरदार तरीका प्रदान करता है। यह फंड उन कंपनियों में निवेश करेगा जो अलग-अलग क्षेत्र में नेतृत्व को परिभाषित करती हैं।

## बीरा स्टेशन पर यात्री की जान बचाने वाले प्वाइंट्समैन को डीआरएम सियालदह ने किया सम्मानित

**कोलकाता :** कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सूझबूझ का अनुकरणीय परिचय देते हुए बीरा स्टेशन पर तैनात प्वाइंट्समैन सौमेन गांगुली ने एक वृद्ध महिला यात्री की जान बचाई। इस बहादुरी भरे कार्य के लिए सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राजीव सक्सेना ने उन्हें सम्मानित किया। घटना 18 दिसंबर 2025 की सुबह की है। उस समय 33365 बारासात-बनगांव लोकल ट्रेन लाइन नंबर-1 पर प्लेटफॉर्म संख्या 1 की ओर (अप दिशा में) आ रही थी। इसी दौरान एक वृद्ध महिला यात्री रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं और अचानक आती ट्रेन के ठीक सामने आ गईं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए सौमेन गांगुली ने अपनी जान की परवाह किए बिना तत्काल ट्रैक पर छलांग लगाई और महिला यात्री को खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले आए।



कुछ ही सेकंड बाद ट्रेन वहां से गुजर गई। इस घटना से भावुक वृद्ध महिला यात्री ने रेलवे प्रशासन को एक लिखित धन्यवाद पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने भारतीय रेलवे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गांगुली को अपनी दूसरी जिंदगी देने का श्रेय दिया। सौमेन गांगुली के इस निस्वार्थ और साहसिक कार्य के लिए डीआरएम सियालदह राजीव सक्सेना ने उन्हें ब्रैवरी अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गांगुली जैसे कर्मचारी भारतीय रेलवे की शान हैं और उनकी तत्परता व बहादुरी फील्ड स्टाफ की सतर्कता का प्रतीक है। इस अवसर पर डीआरएम ने यात्रियों से भी अपील की कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का उपयोग करें और कभी भी रेलवे ट्रैक पार न करें।

### सिलीगुड़ी में कॉलेज छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 साल की जेल

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी कोर्ट ने छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को दो दोषियों को 20 साल की जेल की सजा सुनाई। इधर, सजा सुनकर पीड़ित परिवार को राहत मिली। पता चला है कि सजा प्राप्त दो युवक कॉलेज के छात्र है। उनके नाम आलॉय रॉय और विशाल महंता हैं। वे एक-दूसरे के दोस्त हैं। कोर्ट के सूत्रों के मुताबिक, यह घटना मार्च 2023 में हुई थी। सामूहिक दुष्कर्म सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा इलाके में हुआ था। उस रात, एक कॉलेज छात्रा ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। उसी समय सिलीगुड़ी सबडिवीजन के माटीगाड़ा में खपरैल चौराहे पर एक सुनसान जगह पर दो कॉलेज छात्रों ने लड़की का रास्ता रोका। वे उसके क्लासमेट बताए जाते हैं। लड़की को उठाकर जंगल में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद, किसी तरह, पीड़िता घर लौटी और घटना बताई। परिवार वालों ने माटीगाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता का फिजिकल एग्जामिनेशन भी किया गया। पुलिस ने जांच की और आलॉय रॉय और विशाल महंता को गिरफ्तार कर लिया। यह केस सिलीगुड़ी कोर्ट के फर्स्ट ट्रैक कोर्ट में शुरू हुआ। जज ने पुलिस को जल्दी चार्जशीट फाइल करने का ऑर्डर दिया। इन्वेस्टिगेटर्स ने जल्दी ही घटना की चार्जशीट जमा कर दी। केस की सुनवाई शुरू हुई। 11 लोगों ने गवाही दी। जानकारी और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें 20 साल जेल की सज़ा सुनाई। वकील पीयूषकांति घोष ने कहा कि दोनों पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह पैसा लड़की के परिवार को देना होगा। अगर वे पैसे नहीं देते हैं, तो उन्हें एक और साल जेल में बिताना होगा। हालांकि, यह सज़ा बहुत जल्दी सुनाई गई।

## मालदा मंडल में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत आरपीएफ ने चार नाबालिग बच्चों को बचाया

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बच्चों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करते हुए मालदा मंडल में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बचाया है। यह कार्रवाई 22 दिसंबर 2025 को की गई।

आरपीएफ मालदा मंडल के बरहरवा पोस्ट के जवानों ने बरहरवा और तिनपहाड़ रेलवे स्टेशनों से चार नाबालिग लड़के-लड़कियों को रेस्क्यू किया। सभी बच्चों को नियमानुसार आगे की देखभाल, काउंसलिंग और कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित चाइल्डलाइन अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

बचाए गए बच्चों में एक नाबालिग लड़की को ट्रेन संख्या 13430 डाउन (मालदा वीकली एक्सप्रेस) से बरहरवा स्टेशन पर उतारा गया। इस संबंध में ट्विटर और रेल मदद के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई। वहीं, तीन नाबालिग लड़के काम की तलाश में घर से भाग गए थे, जिन्हें किसी भी तरह की असुरक्षित या जोखिम भरी स्थिति में फंसने से पहले आरपीएफ ने सुरक्षित बचा लिया।



आरपीएफ की इस समय पर की गई कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित किया है कि 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' रेलवे परिसरों और ट्रेनों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक प्रभावी और महत्वपूर्ण पहल है। पूर्व रेलवे ने यात्रियों से भी अपील की है कि यदि रेलवे परिसर या ट्रेनों में किसी नाबालिग की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत आरपीएफ या रेल मदद के माध्यम से सूचना दें।

# जयनगर में शरारती तत्वों ने मंदिर में देवी काली की मूर्ति को किया खंडित

- पुलिस ने कहा, काली मंदिर की मूर्ति खंडित होने पर मूर्ति तुरंत बदल दी गई
- घटना को लेकर अफवाह फैलाने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में एक मंदिर में देवी काली की मूर्ति को खंडित करने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने इस घटना में मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। घटना रविवार की है। बंगाल पुलिस ने सोमवार रात एक्स पर एक पोस्ट कर बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मंदिर समिति ने स्थानीय पुलिस की मदद से खंडित मूर्ति को बदलकर तुरंत वहां नई मूर्ति स्थापित कर दी है, ताकि पूजा-पाठ और




धार्मिक गतिविधियों में किसी तरह की बाधा न आए। पुलिस ने दावा किया कि रविवार सुबह जयनगर के एक मंदिर में देवी काली की थोड़ी टूटी हुई मूर्ति मिलने की घटना को लेकर कुछ लोग जानबूझकर इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ जानकारी फैलाकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति उससे अलग है। ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बंगाल पुलिस ने चेतावनी दी कि जो भी लोग अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। पुलिस ने यह भी दावा किया कि घटना सामने आने के बाद प्रशासन ने तत्-परता से कदम उठाए हैं। शरारत करने वालों की पहचान के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि इलाके में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और कानून-व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

# डोमजुर में निर्माणाधीन फ्लैट में नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी मजदूर फरार

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के डोमजुर इलाके में एक 7 साल की मासूम बच्ची के कथित तौर पर अपहरण और दुष्कर्म की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। ये वारदात सोमवार की शाम को राघवपुर इलाके में हुई, जो डोमजुर थाने के अंतर्गत आता है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, इलाके में स्थानीय पंचायत की तरफ से सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इससे बाहर से काफी मजदूर आए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसी काम पर लगे एक मजदूर ने पहले बच्ची को छेड़ा, फिर उसे जबरन एक निर्माणाधीन इमारत में ले जाकर दुष्कर्म किया।



उस मजदूर के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें थीं। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोग भड़क गए। परिवार वाले पुलिस को बुलाने में हिचकिचा रहे थे, लेकिन स्थानीय लोगों ने खुद पुलिस को फोन किया। मगर, पुलिस ने आने में काफी देर कर दी। तब तक हालात हाथ से निकल चुके थे। गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए, प्रदर्शन करने लगे। गुस्से में आकर भीड़ ने चार छोटी मैटाडोर वैन और एक मोटरसाइकिल में तोड़-फोड़ किया। स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार, रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) को भी बुलाना पड़ा। अब तक मुख्य आरोपी फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हालांकि, अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि परिवार को औपचारिक शिकायत देनी होगी, तभी केस आगे बढ़ेगा। फिर भी स्थानीय लोगों की मौखिक शिकायत पर वे आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण : ईसीएल

**कोलकाता, समाज्ञा :** भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य (लोकसभा) की अध्यक्षता में सोमवार को आईटीसी रॉयल, कोलकाता में संसदीय राजभाषा समिति के 10 संसद सदस्यों द्वारा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड लिमिटेड (ईसीएल) का निरीक्षण किया गया जिसमें ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा की उपस्थित रहीं। सानिध्य में, कोयला मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार माणिक चंद पंडित एवं संयुक्त सचिव (राजभाषा) आस्था जैन की गुरुत्व उपस्थित रहीं। ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक द्वारा संसदीय सदस्यों को कंपनी में और अपने कमान क्षेत्र में हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन तथा गतिविधियों से अवगत कराया गया। संसदीय समिति सदस्यों द्वारा ईसीएल में हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन की सराहना करते हुए कंपनी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



**गीता पाठ के संयोजक कमल सिंह के नेतृत्व में लगातार 13 दिनों से जारी गीता सार पुस्तक वितरण का कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजाकटरा पंचमुखी हनुमान मंदिर में 2000 लोगों में गीता सार पुस्तक वितरण किया गया है, जिसमें युवा नेता मदन झा, शक्ति सिन्हा, कनिष्क पांडे, बिशाल साव, अभिषेक झा एवं नारी शक्ति रूपा कुंडू, किरण जायसवाल उपस्थित थे।**

## खड़गपुर में गांजा तस्करी का भंडाफोड़, सात अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** खड़गपुर ग्रामीण थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 22 किलो गांजा के साथ सात अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया है। सोमवार की शाम खड़गपुर ग्रामीण थाना परिसर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में खड़गपुर के एसडीपीओ धीरज ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा पुलिस को हाल के दिनों में गांजा तस्करी से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर खड़गपुर ग्रामीण थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर बसंतपुर के समीप कालिआडा इलाके में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया, जिनकी



तलाशी लेने पर कुल 22 किलो गांजा बरामद हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि कार्रवाई के दौरान आरोपितों के पास से 11 हजार रुपये नकद तथा कुछ वाहनों की फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की गई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार सभी सात आरोपित एक संगठित अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़े हैं और इनका संबंध बिहार, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से है। पुलिस के अनुसार, सभी सात आरोपितों को सोमवार को खड़गपुर महकमा अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से गहन पूछताछ कर पूरे तस्करी नेटवर्क, आपूर्ति के स्रोत और संभावित ठिकानों का पता लगाने में जुटी है।

# सोदपुर में दो बहनों के शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह थाना अंतर्गत सोदपुर इलाके में दो बहनों की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। पता चला है कि उक्त इलाके में स्थित एक फ्लैट से दो बहनों के शव बरामद किए गए है। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। खबर मिलने पर पुलिस दोनों लाशों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनकी मौत कैसे हुई? बीमारी से, भूख से या कुछ और? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान सविता दत्ता चटर्जी (61) और कनिका दत्ता (57) के रूप में की गई हैं। दोनों बहनें किसी से मिलती-जुलती नहीं थीं। पड़ोसियों को पिछले कुछ दिनों से दोनों बुजुर्गों का कोई पता नहीं था। शक होने पर मंगलवार को खड़दह थाने को इसकी जानकारी दी गई। उसके बाद, फ्लैट से दोनों बुजुर्गों की लाशें मिलीं। लाशों को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौत कैसे हुई, यह अभी साफ नहीं है। हालांकि, सुनने में आया है कि दोनों बुजुर्गों की देखभाल करने वाला कोई नहीं था। शायद, वे लंबे समय से भूखे थे। इसलिए यह मौत हुई है। जांचकर्ताओं ने कहा कि ऑटोप्सी रिपोर्ट आने के बाद मौत कैसे हुई, यह साफ हो जाएगा। मरने वाले के रिश्तेदारों से संपर्क किया जा रहा है। वे मरने वाले के पड़ोसियों से भी बात करेंगे। जांच करने वालों को उम्मीद है कि तभी पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी।

# 27 दिसंबर को राज्य में अवकाश, गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर बंद रहेंगे सरकारी दफ्तर

**कोलकाता :** गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार ने पूरे राज्य में सरकारी अवकाश की घोषणा की है। मंगलवार को नबान्न की ओर से इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई। वित्त (ऑडिट) विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शनिवार, 27 दिसंबर को राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय, निगम, स्वायत्त संस्थान तथा शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। नबान्न सूत्रों के अनुसार, यह अवकाश राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों पर लागू होगा। इसमें सचिवालय, जिला प्रशासन के दफ्तर, विभिन्न बोर्ड, निगम,



सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल और कॉलेज शामिल हैं। इससे सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं भी लाभान्वित होंगे। वित्त विभाग की अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2025 की घोषित अवकाश सूची में गुरु गोबिंद सिंह जयंती के अवसर पर अवकाश का प्रावधान पहले से ही किया गया था। उसी के अनुरूप मंगलवार को इसे लागू करने के लिए औपचारिक आदेश जारी किया गया है।

नबान्न सूत्रों ने बताया कि राज्य के सभी विभागों, जिला प्रशासन, ट्रेजरी और लेखा कार्यालयों को इस निर्णय की जानकारी दे दी गई है। संबंधित कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित तिथि पर किसी भी प्रकार का आधिकारिक कार्य न किया जाए तथा नागरिक सेवाओं को लेकर किसी तरह की असुविधा या भ्रम से बचने के लिए आवश्यक अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## रिसड़ा विधानचंद्र कॉलेज में संग्रहालय का भव्य उद्घाटन



**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा स्थित विधानचंद्र कॉलेज में नवनिर्मित संग्रहालय का उद्घाटन श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुदीप्त राय ने किया। यह संग्रहालय कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. सुदीप्तो रॉय की प्रेरणा से साकार हुआ है। संग्रहालय की स्थापना में कॉलेज के प्राचार्य रमेश कर, कलकत्ता विश्वविद्यालय के संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ. दीपक पांडा सहित अनेक शुभेच्छुकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। इस संग्रहालय की परिकल्पना और विकास का उद्देश्य कुछ नया, विशिष्ट तथा ज्ञानवर्धक प्रस्तुत करना रहा है। इसी लक्ष्य के तहत संग्रहालय में एक ओर जहाँ रिसड़ा के क्षेत्रीय अतीत के इतिहास को विशेष रूप से उकेरा गया है, वहीं दूसरी ओर कॉलेज की गौरवशाली स्मृतियों को भी सहेजा गया है। इसमें क्षेत्र के अतीत से जुड़ी कई महत्वपूर्ण लेकिन समय के साथ भुला दी गई दुर्लभ तस्वीरें शामिल हैं।

# नरेंद्रपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। फोन पर बात करने को लेकर शुरू हुए पारिवारिक विवाद के बाद महज शक के चलते पत्नी की हत्या किए जाने का आरोप उसके पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर लगा है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान शुभा सरदार के रूप में हुई है। वह बारुईपुर थाना अंतर्गत कटकहाल इलाके की रहने वाली थी। बताया गया है कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी पहचान नरेंद्रपुर के केलेगोड़ इलाके के निवासी राणा सरदार से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गया। परिवार की सहमति से इसी साल अप्रैल में दोनों की शादी हो गई। शादी के बाद ही दंपति के बीच विवाद शुरू हो गया। परिजनों के अनुसार, शुभ्रा के फोन पर बात करने को लेकर पति राणा सरदार अक्सर झगड़ा करता था। उसे शक था कि उसकी पत्नी का किसी और के साथ संबंध है। इसी शक के चलते घरेलू अशांति बढ़ती चली गई। बीते सप्ताह पौष मेला के अवसर पर शुभ्रा अपने मायके गई थी। रविवार को उसके ससुर उसे वापस ससुराल लेकर आए। इसके अगले ही दिन, सोमवार की सुबह शुभा की मौत की खबर उसके मायके पहुंची। मायके वालों का आरोप है कि शुभा के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे साफ है कि उसकी हत्या की गई है। मृतका के पिता मना सरदार ने नरेंद्रपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पति राणा सरदार, ससुर भद्रेश्वर सरदार, सास सुक्कुली सरदार और देवर राकेश सरदार के नाम शामिल किए गए हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## क्रिसमस पर मेट्रो की विशेष व्यवस्था, पार्क स्ट्रीट और मैदान स्टेशनों पर बदले प्रवेश-निकास नियम

**कोलकाता :** 25 दिसंबर को यात्रियों की सुरक्षा और सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए कोलकाता मेट्रो ने पार्क स्ट्रीट और मैदान मेट्रो स्टेशनों पर विशेष स्टेशन प्रबंधन व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। इस संबंध में मंगलवार को आमार मेट्रो की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई।

मेट्रो रेलवे के अनुसार, 25 दिसंबर को पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन में यात्रियों का प्रवेश केवल गेट नंबर-2 (मैदान क्षेत्र की ओर) और गेट नंबर-3 (बाजार कोलकाता आउटलेट के पास) से ही किया जाएगा। वहीं, गेट नंबर-1 (इंडियन म्यूजियम के पास), गेट नंबर-5 (मेयो रोड के पास) और गेट नंबर-6 (किड स्ट्रीट के पास) केवल निकास के लिए उपयोग किए जाएंगे। इस दिन गेट नंबर-4 पूरी तरह बंद रहेगा।

इसी तरह, मैदान मेट्रो स्टेशन पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। यहां यात्रियों का प्रवेश केवल गेट नंबर-2 (जीवन दीप बिल्डिंग के पास) और गेट नंबर-3 (कनक बिल्डिंग के पास) से होगा। गेट नंबर-1 (एलियट पार्क के पास) को केवल निकास के लिए निर्धारित किया गया है।

मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे निर्धारित गेटों का ही उपयोग करें और स्टेशन परिसर में तैनात कर्मियों के निर्देशों का पालन कर सहयोग करें, ताकि भीड़ नियंत्रण के साथ यात्रियों की सुरक्षा और आवागमन सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह- 2025 संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रतिष्ठित श्री जैन विद्यालय के पारसमल कांकरिया सभागार में वर्ष 2025 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत तनुश्री चटर्जी द्वारा राष्ट्रगीत की प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात् सम्मानित अतिथियों का मंचासन ग्रहण हुआ, जिसमें सरदारमल कांकरिया, मुख्य अतिथि उज्ज्वल जैन, अतिथि विशेष सुरेश बांठिया, बिनोद कांकरिया तथा मनोज बोथरा शामिल थे। अतिथियों का स्वागत अंग्रेजी की शिक्षिका ऋतुपर्णा सरकार द्वारा तिलकार्पण से किया गया। अतिथियों का सम्मान पुष्प तथा शाल देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव मनोज बोथरा ने स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके बाद सरदारमल कांकरिया उद्बोधन दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण पुरस्कार



वितरण रहा, जो श्री सुरेश बंठिया द्वारा किया गया। इसमें कक्षा 1 से 9 के टॉपर, माध्यमिक टॉपर को, कक्षा 11 के वाणिज्य के टॉपर विशांत सिंह 10000/-,हिमांशु साव 7500/-, पुष्कर कुमार दूबे 7500/-, अंकुश कुमार सिंह 5000/- कक्षा 11 के विज्ञान के टॉपर आयुष पाण्डेय 10000/-, इमान मंडल 7500/-, श्रेयांस पाण्डेय 5000/- की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।, उच्च माध्यमिक (2025) विज्ञान के टॉपर हर्ष भगत 15000/-, शिवम कुमार रॉय 7500/-, मोहम्मद सादिक 5000/- एवं वाणिज्य टॉपर समीर कुमार गुप्ता 15000/-, अंकित कुमार 7500/-, प्रियांशु कुमार 5000/- को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि दी गई तथा किसी विषय में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र, गीता पाठ प्रतियोगिता विजेता, सौ प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र, विज्ञान प्रदर्शनी विजेता तथा सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी वक्ता को 2500/- रुपए की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इसके बाद 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिए गए, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक खंड के विजेता तथा साहस के लिए 'द इनविंसिबल अवार्ड' शामिल था। प्राथमिक के लिए सत्यप्रकाश राय को 5000/-, माध्यमिक के लिए अभिनव पाण्डेय को 7500/-, उच्च माध्यमिक के लिए मिथलेश शर्मा को 7500/- स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर के रूप में क्रमशः यह राशि प्रदान की गई। 'द इनविंसिबल अवार्ड' अवॉर्ड के रूप में आयुष पाण्डेय को 2500/- रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। समारोह का समापन प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडे के धन्यवाद भाषण से हुआ। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**वेस्टीज के वेलनेस इनोवेशंस के साथ अपने स्वास्थ्य को बनाइए बेहतर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को स्वास्थ्य एवं कल्याण के क्षेत्र में इसकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए वेस्टीज विश्वस्तरीय न्यूट्रिशन एवं वेलनेस सॉल्यूशंस प्रदान करती है। कंपनी के व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में प्रभावी तरीके से वेट मैनेजमेंट के लिए 'वेस्टीज वीस्लिम शेक' और प्लांट बेस्ड कोलेजन 'वेस्टीज वेज कोलेजन' जैसे इनोवेटिव उत्पाद शामिल हैं। इन दोनों को ही संपूर्ण कल्याण एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। वेट मैनेजमेंट कैटेगरी में वीस्लिम रेंज को पेश किया गया है। इस रेंज में मैंगो, वनीला, रोज खीर, कुल्फी एवं डच चॉकलेट जैसे अलग-अलग फ्लेवर्स में वीस्लिम शेक उपलब्ध है।

## मालदह में छेड़छाड़ का विरोध करने पर नाबालिग छात्रा को मारा गया चाकू, आरोपी की तलाश जारी

**मालदह :** ओल्ड मालदह में एक युवक पर छेड़छाड़ का विरोध करने पर 10वीं क्लास की छात्रा को चाकू मारकर घायल करने का आरोप है। युवक का नाम सूरज मंडल है। वह पेशे से इलेक्ट्रीशियन है। सोमवार की रात को हुई इस घटना से ओल्ड मालदह थाने के शाहपुर ग्राम पंचायत के रायपुर इलाके में सनसनी फैल गई है। छात्रा का भी मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। आरोपी के परिवार की ओर से ओल्ड मालदह थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। लड़की इंग्लिश बाजार ब्लॉक के एक स्कूल में 10वीं क्लास की छात्रा है। आरोपी भी स्कूल के पास ही रहता है। पीड़िता के पिता का दावा है कि सोमवार को उनकी बेटी ट्यूशन से लौट रही थी। उसी समय यह घटना हुई।

**हयात प्लेस बुटवल असीमित पेय पदार्थों के साथ भव्य ओपन स्काई पूलसाइड सेलिब्रेशन के जरिए 2026 का स्वागत करेगा**

**कोलकाता :** हयात प्लेस बुटवल अपने विशेष नववर्ष संध्या कार्यक्रम न्यू इयर्स ईव अंडर दी स्टार. के साथ मेहमानों को 2026 का स्वागत एक अविस्मरणीय ओपन-एयर पूलसाइड सेलिब्रेशन के साथ करने के लिए आमंत्रित करता है। रात के खुले आसमान के नीचे आयोजित इस समारोह में जोशीला मनोरंजन, असीमित पेय पदार्थ और पूल के किनारे भव्य मध्यरात्रि काउंटडाउन का वादा किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, हयात प्लेस बुटवल के जनरल मैनेजर तुषार नागर ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी परिकल्पना साझा करते हुए कहा, इस नववर्ष पर हमारा उद्देश्य ऐसा अनुभव प्रदान करना है जो खुला, ऊर्जावान और अविस्मरणीय हो।

## 'नाम बदलने और पहचान छुपाने के कारण हम बच गए', हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से लौटे संगीतकार ने कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तबला वादक मैनाक विश्वास 48 घंटे की मशक्कत के बाद हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से अपनी मातृभूमि सुरक्षित लौट सके जबकि ढाका में जिस सरोद कलाकार के साथ उन्हें प्रस्तुति देनी थी, वह भी भारत विरोधी भीड़ के चंगुल से भागने में सफल रहे। प्रसिद्ध सरोद वादक शिराज अली खान शनिवार को हिंसक भीड़ के चंगुल से बच निकले और कोलकाता लौट आए। ढाका के धानमंडी इलाके में खान के संगीत कार्यक्रम को निशाना बनाया गया और उसमें तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद उनका निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। खान की मां आयशा और विश्वास सहित उनकी टीम के बाकी सदस्य पड़ोसी देश में जारी अशांति के बीच फंस गए थे और सोमवार को ही लौट सके, हालांकि उनके मन में अभी भी चिंताएं और दर्दनाक यादें बाकी हैं। विश्वास ने कहा कि मैं पहले भी कई बार बांग्लादेश जा चुका हूं, लेकिन मैंने कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया जहां स्थानीय लोगों के एक वर्ग के बीच तनाव और शत्रुता की भावना इतनी स्पष्ट रूप से महसूस की जा सके। उन्होंने याद किया कि 18-19 दिसंबर की मध्यरात्रि को हिंसा भड़कने के बाद से मैं ज्यादातर समय होटल के कमरे में ही बंद रहा और अपनी आवाजाही को होटल की लॉबी तक ही सीमित रखा। लेकिन, जब किसी अत्यावश्यक जरूरत के लिए मुझे बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा, तो मैंने अपनी भारतीय पहचान छिपाने का पूरा ध्यान रखा और अपना नाम बदलकर ऐसा रख लिया जो मुस्लिम नाम जैसा लगे। खान ने बताया कि होटल में पूर्वाभ्यास सत्र के दौरान ही उन्हें पता चला कि अगले दिन 19 दिसंबर को जहां उनका निर्धारित शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम स्थल है, वहां उन्मादी भीड़ ने हमला कर दिया। खान अगले ही दिन ढाका से रवाना हो गए, जबकि आयशा और बाकी टीम को कोलकाता जाने वाली उड़ान के लिए 22 दिसंबर तक बेसब्री से इंतजार करना पड़ा। शनिवार की रात शहर पहुंचने पर संगीतकार ने बताया कि ढाका हवाई अड्डे जाते समय उन्होंने अपनी भारतीय पहचान छुपा दी थी और यह फैसला मजबूरी में लिया गया क्योंकि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उन्हें ऐसा करना पड़ेगा।

## कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप, लिलुआ ने राष्ट्र सेवा के 125 गौरवशाली वर्ष पूरे किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की सबसे पुरानी और प्रमुख इकाइयों में शामिल कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप, लिलुआ ने सोमवार को अपने 125 वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक उत्सव हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर तथा पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष श्रीमती सीमा देउस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में अतिरिक्त महाप्रबंधक एस. पी. सिंह, एजीएम एवं पीसीएमई/मेट्रो रेलवे सुमित सरकार, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता/पूर्व रेलवे परमानंद शर्मा, सीआरएस/एसई सर्किल बृजेश कुमार मिश्रा, डीआरएम/हावड़ा विशाल कपूर, डीआरएम/सीलदह राजीव सक्सेना, डीआरएम/आसनसोल श्रीमती विनिता श्रीवास्तव सहित पूर्व रेलवे,



दक्षिण पूर्व रेलवे एवं चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के विभिन्न विभागों के प्रधान और वरिष्ठ अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री एवं श्रीमती देउस्कर ने स्क्रैप-टू-आर्ट गैलरी, 125वीं वर्षगांठ के शुभंकर से सजी भित्ति चित्र प्रदर्शनी तथा ऐतिहासिक ड्रॉइंग, डाक टिकट और सिक्कों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। स्वतंत्रता पूर्व काल की छोटी मशीनों की प्रदर्शनी ने कार्यशाला की समृद्ध औद्योगिक विरासत को दर्शाया। स्वागत भाषण में मुख्य कार्यशाला प्रबंधक यतीश कुमार ने लिलुआ वर्कशॉप की 125 वर्षों की उपलब्धियों और योगदानों पर प्रकाश डाला। समारोह में भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही लिलुआ वर्कशॉप की विरासत और आधुनिक तकनीक के साथ उसके विकास को दर्शाने वाली फिल्म का उद्घाटन एवं प्रदर्शन किया गया। अपने संबोधन में महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कार्यशाला की समर्पण, नवाचार और उत्कृष्टता की परंपरा की सराहना करते हुए कर्मचारियों को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए बधाई दी तथा आधुनिकीकरण और कर्मचारी कल्याण के प्रति पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर वर्तमान और सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस ऐतिहासिक संस्थान के प्रति गहरे जुड़ाव और गर्व को दर्शाया। पूर्व रेलवे ने लिलुआ वर्कशॉप की विरासत को संजोते हुए उन्नत तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित, सक्षम और फ्यूचर-रेडी रेलवे नेटवर्क के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## देवरिया में फंदे पर लटकता हुआ मिला नवविवाहिता का शव

**देवरिया:** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता का शव बंद कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के खड़ेसर गांव के खुशी टोला में सोमवार की आधी रात परिजनों ने नवविवाहिता का शव फंदे से लटकते हुए देखा। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सविता (26) के रूप में हुई है, जिसकी शादी नवंबर में नंदलाल यादव नामक व्यक्ति से हुई थी। पुलिस के अनुसार, सविता बरहज क्षेत्र के गौरा गांव की रहने वाली थीं। बताया जा रहा है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों की जांच के लिए परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ताकि मृत्यु के कारणों का पता लगाया जा सके।

## राजस्थान के कई इलाकों में कोहरा छाया रहा

**जयपुर:** राजस्थान के अनेक जिलों में मंगलवार की सुबह कोहरा छाया रहा, हालांकि बीते चौबीस घंटे में अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, चित्तौड़गढ़ में सोमवार रात न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनू) और अलवर में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री और टोंक के वनस्थली में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, जैसलमेर, हनुमानगढ़, बीकानेर और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे सुबह के समय दृश्यता काफी कम हो गई और आवाजाही प्रभावित हुई। मौसम विभाग ने कहा कि इस हफ्ते पूरे राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि 24 दिसंबर को भी कुछ जगहों पर खासकर सुबह के समय घना कोहरा छा सकता है। विभाग के अनुसार, अभी बारिश का कोई अनुमान नहीं है लेकिन कोहरे के कारण कम दृश्यता से कुछ इलाकों में सुबह की आवाजाही प्रभावित हो सकती है।

# इतिहास की गलतियों का समय पर सुधार जरूरी : योगी आदित्यनाथ



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कप और शील्ड देकर सम्मानित किया।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अतीत के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेना जरूरी बताते हुए मंगलवार को कहा कि इतिहास की गलतियों का समय पर सुधार होना चाहिए, तभी समाज प्रगति करता है। वह मंगलवार को 'कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज' में आयोजित 134वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। आदित्यनाथ ने कोई संदर्भ दिये बगैर कहा कि इतिहास की गलतियों को सुधारना जरूरी है। उन्होंने कहा, "समाज को आगे बढ़ाने के लिए इतिहास के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेना जरूरी है। इतिहास की गलतियों का समय पर परिमार्जन होना चाहिए, तभी समाज प्रगति करता है। यदि कहीं त्रुटि हुई है तो उसे सुधार करना होगा और अच्छे कार्यों को जीवन की प्रेरणा बनाकर आगे बढ़ना होगा।" मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने अपनी परंपराओं को पर्व-त्योहारों के माध्यम से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा कि मार्च पास्ट के दौरान विद्यार्थियों का अनुशासन, कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का जज्बा और समर्पण देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान पर आजाद हिंद फौज के नौजवान देश की आजादी के लिए स्वयं को समर्पित कर रहे हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को तोड़ने वाले तत्व हमेशा मौजूद रहते हैं, लेकिन समाज को जोड़ने की जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों की होती है। उन्होंने कहा कि 1889 में जब इस संस्थान की स्थापना हुई होगी तब देश की परिस्थितियां कठिन रही होंगी, उसी कालखंड में वंदे मातरम् जैसे विचारों ने लोगों के मन में स्वतंत्रता की चेतना जगाई। उन्होंने कहा, "1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद भी गुलामी को स्थायी मान लिया गया था, लेकिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने उपन्यास आनंदमठ के माध्यम से वंदे मातरम् जैसी कालजयी रचना देश को दी। वर्ष 1896 में कांग्रेस के मंच से गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा इसे स्वर दिए जाने के बाद यह आजादी के आंदोलन का मंत्र बन गया।'

## भाजपा चरण सिंह के आदर्शों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धः किसान दिवस पर योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को चौधरी चरण सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने अपना पूरा जीवन गांवों, गरीबों, वंचितों और किसानों के कल्याण तथा समृद्धि के लिए समर्पित कर दिया। योगी किसान दिवस के रूप में मनाई जाने वाली चरण सिंह की जयंती पर किसान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने और भारत रत्न से सम्मानित किसान नेता के आदर्शों को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

## बिहार : क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली से ग्रामीण सड़कों के रख-रखाव में आम लोगों की भागीदारी

**पटना:** बिहार में ग्रामीण सड़कों के रख-रखाव को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनभागीदारी आधारित बनाने के उद्देश्य से क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली की शुरुआत की गई है। इस नयी व्यवस्था के तहत अब कोई भी व्यक्ति सड़क से संबंधित शिकायत या सुझाव सीधे ग्रामीण कार्य विभाग तक भेज सकता है। ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सह विशेष सचिव ई. निर्मल कुमार ने मंगलवार को विभाग के सभी कार्य प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (ई-मार्ग) के अंतर्गत क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। अभियंता प्रमुख ने अपने निर्देश में कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को और अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए अब ग्रामीण सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले रख-रखाव सूचना बोर्ड पर संबंधित सड़क का क्यूआर कोड अंकित किया जा रहा है। इस क्यूआर कोड को स्कैन कर कोई भी नागरिक या सड़क का इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति उस सड़क से जुड़ी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने



बताया कि नागरिक सड़क पर बने गड्ढों, टूट-फूट या अन्य समस्याओं की तस्वीरें खींचकर फीडबैक के रूप में सीधे विभाग को भेज सकेंगे। यह डेटा कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीक के माध्यम से विश्लेषित किया जाएगा, जिससे इंजीनियरिंग स्टाफ के प्रदर्शन मूल्यांकन (पीई) में भी सहायता मिलेगी। ई-मार्ग पोर्टल के माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित प्रत्येक सड़क के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड तैयार किया जाता है। इन क्यूआर कोड को सड़क किनारे लगे रख-रखाव सूचना बोर्ड पर लगाया जाएगा, जिन पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आवश्यक निर्देश अंकित होंगे।

## पटना में भाजपा कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का किया गया स्वागत



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का उनके गृह राज्य बिहार के दौरे पर मंगलवार को यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नवीन, देर शाम यहां बीरचंद पटेल मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी की बिहार इकाई के प्रमुख संजय सरावगी ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और मधुबनी पेंटिंग का एक नमूना भेंट किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और रवि शंकर प्रसाद समेत बिहार के कई भाजपा सांसद उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नितीश कुमार ,उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। बाद में, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, "नितिन नवीन जी उस वक्त भावुक हो गए जब उन्होंने याद किया कि कैसे उन्होंने एक कार्यकर्ता के रूप में अपना सफर शुरू किया था। वह शीर्ष पर पहुंचने से पहले हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले थे।"

## उप्र में एसआईआर कार्यों की समीक्षा बैठक में बोले सीईओ पात्र मतदाता न छूटें, अपात्र शामिल न हों

**मेरठ:** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ ने अधिकारियों को ताकीद की कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिल्कुल भी न छूटे और अपात्र को कतई शामिल ना किया जाए। बैठक में सातों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) से गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटाइजेशन, मैपिंग, डाटा फीडिंग तथा बीएलओ-बीएलए की कार्यवाही की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में पात्र मतदाता का नाम किसी भी स्थिति में न छूटे और अपात्र का नाम शामिल न हो। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित, कहीं और जगह जा चुके तथा मृत मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों को उपलब्ध कराई जाए तथा अधिकारियों की तैनाती कर पुनः सत्यापन कराया जाए। साथ ही मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

## न्यूज अपडेट

### गोरखपुर : शख्स ने रोटी बनाने में देर होने पर पत्नी व चार साल के बेटे पर गर्म तवे से हमला किया

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर में रोटी बनाने में देरी को लेकर हुए झगड़े के बाद एक शख्स ने अपनी पत्नी और चार साल के बेटे पर कथित तौर पर गर्म तवे से हमला कर दिया जिससे दोनों जख्मी हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि यह घटना 20 दिसंबर की रात को गोरखनाथ थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर तेलिया कुआं इलाके में हुई। सोमवार शाम को इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित राधिका साहनी (30) द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उसका पति लालचंद साहनी अक्सर शराब पीकर घर लौटता है और उससे मारपीट करता है। अधिकारियों के मुताबिक घटना वाली रात लालचंद ने राधिका से रोटी बनाने को कहा लेकिन अन्य कामों में व्यस्त रहने के कारण वह फौरन रोटी नहीं बना सकी। उन्होंने बताया कि इससे तैश में आकर लालचंद किचन में गया और गर्म तवा लाकर उससे राधिका पर हमला कर दिया और इस दौरान राधिका की चीखें सुनकर उनका चार साल का बेटा कमरे में आ गया। उन्होंने बताया कि लालचंद ने उसी तवे से बच्चे के सिर पर भी कथित तौर पर वार कर दिया जिससे उसे भी गंभीर चोट लगी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कफ सिरप मामला: शुभम जायसवाल समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**वाराणसी (उप्र):** उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार में आरोपी एवं 50 हजार रुपये के इनामी शुभम जायसवाल समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसवाल ने बताया कि शुभम जायसवाल पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया जा चुका है। बंसवाल ने बताया कि शुभम जायसवाल और तीन अन्य आकाश पाठक, अमित जायसवाल और दिवेश जायसवाल को देश छोड़ने से रोकने के लिए सोमवार को लुकआउट नोटिस जारी किए गए। बंसवाल ने बताया कि रांची के शैली ट्रेडर्स से जुड़ी कई फर्म के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया है कि शुभम जायसवाल के लिए दिवेश जायसवाल और अमित जायसवाल फर्जी फर्म और फर्जी दस्तावेजों से बिल जनरेट कराने का काम करते थे। उन्होंने बताया कि चारों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) एल आर कुमार के नेतृत्व में गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले की जांच कर रहा है।

### राहुल गांधी मानहानि मामला : अदालत में पेश हुआ गवाह, अगली सुनवाई छह जनवरी को



**सुलतानपुर:** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान राहुल के अधिवक्ता ने गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह की। जिरह पूरी न होने पर अदालत ने अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय की है। वादी विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि मंगलवार को गवाह रामचंद्र दुबे से राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने आंशिक जिरह की। जिरह पूरी न होने पर अदालत ने अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय की है। पांडेय ने बताया कि यह मामला वर्ष 2018 का है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा का आरोप है कि साल 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह (वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्री) पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पिछले पांच साल से अदालती कार्यवाही चल रही है। दिसंबर 2023 में राहुल गांधी के पेश न होने पर तत्कालीन न्यायाधीश ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।



## अब तक 15 लाख से अधिक संशोधित आईटीआर दाखिलः आयकर विभाग

**नयी दिल्ली:** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा आकलन वर्ष 2025-26 के लिए अब तक 15 लाख से अधिक करदाताओं ने संशोधित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए हैं। विभाग ने हाल ही में एक अभियान 'नज' शुरू किया है, जिसके तहत उन करदाताओं को ईमेल एवं एसएमएस के जरिये सलाह दी जा रही है जिन्होंने गैर मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों या कुछ धर्मार्थ संस्थाओं से जुड़ी गलत कटौती का दावा किया है। आयकर विभाग ने बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 21 लाख से अधिक करदाताओं ने अपने आईटीआर संशोधित किए और कुल 2,500 करोड़ रुपये का कर भुगतान किया। विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि वे अपने आईटीआर की समीक्षा करें, कटौती और छूट के दावों की सटीकता को जांचें और जरूरी होने पर 31 दिसंबर, 2025 तक संशोधित रिटर्न दाखिल करें, ताकि आगे की जांच से बचा जा सके। हालांकि, विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई करदाता कानून के




अनुरूप सही कटौती या छूट का दावा कर रहा है तो उसे कोई और कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है। करदाताओं को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए रिटर्न में बदलाव करने के लिए 31 दिसंबर के बाद एक अद्यतन आईटीआर दाखिल करना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने दिसंबर की शुरुआत में कहा था कि डेटा विश्लेषण से पता चला है कि कई करदाताओं ने गैर मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों और कुछ धर्मार्थ संस्थाओं को चंदा दिखाकर अवैध कटौती और रिफंड का दावा किया है। बोर्ड के मुताबिक, इनमें से कई गैर मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दल रिटर्न दाखिल नहीं करते हैं और अपने पंजीकृत पते पर सक्रिय नहीं हैं। वे राजनीतिक गतिविधियों में संलग्न भी नहीं हैं।

# खेती के व्यस्त मौसम में मजदूरों की कमी को दूर करेगा नया कानूनः चौहान

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में पारित 'विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम खेती के सबसे व्यस्त समय में मजदूरों की कमी की समस्या को दूर करेगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (मनरेगा) की जगह लेने जा रहे 'वीबी-जी राम जी' विधेयक को पिछले हफ़्ते संसद में पारित किया गया था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, चौहान ने किसान दिवस के मौके पर एक ऑनलाइन संबोधन में कहा कि यह कानून किसानों और मज़दूरों के कल्याण के बीच संतुलन बनाता है। कृषि मंत्री ने कहा, "यह कानून देश के व्यापक हित में बहुत उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय



को सशक्त बनाता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है। जहां 'वीबी-जी राम जी' मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों।' मंत्री ने बताया कि किसानों को अक्सर फसलों की बुवाई एवं कटाई के मौसम में मजदूरों को ढूंढने में मुश्किल होती है। उन्होंने कहा, 'अब इस नए कानून से यह समस्या हल हो जाएगी और खेती के मौसम में पर्याप्त मजदूर उपलब्ध होंगे। यह नए कानून की एक महत्वपूर्ण विशेषता है जो किसानों को खुश रखेगी।' नई योजना के तहत मजदूरों को साल में 125 दिन काम मिलेगा जबकि मनरेगा के तहत 100 दिनों का काम मिलता था। हालांकि खेती की व्यस्तता वाले दो महीनों में उनसे कृषि कार्य के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद की जाती है। चौहान ने कहा कि इस नई जानकारी को कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से देश भर के किसानों तक पहुंचाया जाना चाहिए। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों एवं मजदूरों दोनों की आय बढ़ाना है, और यह नए कानून के माध्यम से हासिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एम.एल. जाट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 42 अंक फिसला, निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 42 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी मामूली लाभ में रहा। सूचना प्रौद्योगिकी और औषधि कंपनियो के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक यानी 0.05 प्रतिशत टूटकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 85,704.93 अंक के उच्चतम स्तर तक गया और 85,342.99 अंक के निचले स्तर तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी मामूली 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत बढ़कर 26,177.15 अंक पर बंद हुआ। धातु, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जबकि आईटी और औषधि क्षेत्र के शेयरों में दबाव बना रहा। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इटर्नल, एक्सिस बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू बाजार सीमित दायरे में रहा और स्थिर बंद हुआ। अधिकांश क्षेत्रों में बिकवाली का दबाव बना रहा, हालांकि वित्तीय और एफएमसीजी क्षेत्रों ने मामूली समर्थन प्रदान किया।' उन्होंने कहा, 'निवेशक अब कंपनियों के आगामी तिमाही नतीजों के लिए अपनी रणनीति बना रहे हैं।

## सरकार खुदरा महंगाई की गणना में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन स्रोतों को करेगी शामिल

**नयी दिल्ली:** सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की विश्वसनीयता, सटीकता और गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से खुदरा मुद्रास्फीति की गणना में ऑनलाइन स्रोतों के साथ-साथ ई-कॉमर्स मंच को भी शामिल करने का प्रस्ताव किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना के लिए आधार वर्षों को संशोधित करने की प्रक्रिया में है। सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति) की नई श्रृंखला के आंकड़े (2024 =100) को आधार वर्ष मानते हुए 12 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने की संभावना है। वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए आईआईपी की नई श्रृंखला के आंकड़े 28 मई को जारी होंगे। मंगलवार को मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया।

## भारत ने सेब, कीवी फल, शहद पर न्यूजीलैंड को शुल्क रियायतें कृषि योजनाओं से जोड़ी

**नयी दिल्ली:** भारत ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत न्यूजीलैंड को सेब, कीवी फल और मनुका शहद पर दी जाने वाली कोटा-आधारित शुल्क रियायतों को कृषि उत्पादकता वाली कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन से जोड़ दिया है जिनकी निगरानी 'संयुक्त कृषि उत्पादकता परिषद' (जेएपीसी) करेगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि यह व्यवस्था बाजार पहुंच और घरेलू कृषि के संवेदनशील क्षेत्रों के संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने भारत में सेब, कीवी और शहद क्षेत्रों की उत्पादकता, गुणवत्ता और क्षमताओं में सुधार के लिए लक्षित कार्ययोजनाओं पर सहमति जताई है। इस सहयोग के दायरे में उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना, बेहतर रोपण सामग्री की उपलब्धता, किसानों की क्षमता वृद्धि, बागवानी प्रबंधन में तकनीकी सहायता, कटाई के बाद की प्रक्रियाएं, आपूर्ति शृंखला और खाद्य सुरक्षा से जुड़े उपाय शामिल हैं। बहुत अच्छी गुणवत्ता वाले सेब के उत्पादकों के लिए विशेष परियोजनाओं और टिकाऊ मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने से देश में उत्पादन और गुणवत्ता मानकों में सुधार की उम्मीद जताई गई है। मंत्रालय ने कहा, सेब, कीवी फल और मनुका शहद से जुड़े सभी शुल्क दर कोटा कृषि उत्पादकता कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े होंगे और जेएपीसी इनकी निगरानी करेगी।

## भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय भुगतान सेवा प्रदाताओं के लिए अवसर

**नयी दिल्ली:** भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय भुगतान सेवा प्रदाताओं को यूपीआई जैसी डिजिटल भुगतान प्रणालियों में भारत की तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाने के अवसर प्रदान करता है। साथ ही बैंकिंग परिचालन के विस्तार में भी मदद करता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर अगले साल हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) द्विपक्षीय सहयोग को गति देने, बाजार पहुंच को सुगम बनाने और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की वित्तीय प्रणालियों के गहन एकीकरण को बढ़ाने के लिए आवश्यक संस्थागत और नियामकीय ढांचा प्रदान करेगा। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों ने घरेलू भुगतान के लिए व्यवस्था विकसित करने और एकीकृत त्वरित भुगतान प्रणालियों (एफपीएस) के माध्यम से वास्तविक समय में सीमापार प्रेषण और कारोबारियों के भुगतान का समर्थन करने के लिए सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## टाटा मोटर्स वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच नए इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगी

**नयी दिल्ली:** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने घोषणा की है कि वह वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल पेश करेगी, जिनमें उसकी प्रीमियम इलेक्ट्रिक श्रृंखला 'अविन्या' भी शामिल होगी। कंपनी का लक्ष्य देश के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी 45-50 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना है। कंपनी ने बताया कि वह वित्त वर्ष 2029-30 तक इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार में 16,000 से 18,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस निवेश में नए उत्पादों के विकास के साथ-साथ देशभर में 10 लाख से अधिक चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करना भी शामिल है। टीएमपीवी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को मुख्यधारा में लाने के लिए कंपनी सभी खंडों में ईवी उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, स्थानीयकरण और चार्जिंग बुनियादी ढांचे में निवेश के जरिए टाटा मोटर्स भारत के ईवी बाजार में नेतृत्व बनाए रखेगी। वर्तमान में टाटा मोटर्स की भारत में बिकने वाले इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों में लगभग 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है और कंपनी के पास टियागो.ईवी, पंच.ईवी, नेक्सॉन.ईवी, कर्व.ईवी और हैरियर.ईवी जैसे मॉडल मौजूद हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### समय आने पर प्रियंका प्रधानमंत्री बनेंगी, यह अपरिहार्य है : रॉबर्ट वाड्रा

**नयी दिल्ली :** कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पत्नी प्रियंका गांधी वाड्रा का राजनीति में उज्ज्वल भविष्य है और एक समय आएगा जब लोग उन्हें शीर्ष पद पर देखना चाहेंगे। वह उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनके अनुसार, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने बांग्लादेश की स्थिति का हवाला देते हुए कहा है कि प्रियंका गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह मजबूत प्रधानमंत्री साबित होंगी। मसूद की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर वाड्रा ने कहा, ''मुझे लगता है कि प्रियंका ने भी अपनी दादी (इंदिरा गांधी), अपने पिता (राजीव गांधी), सोनिया जी और अपने भाई (राहुल गांधी) से बहुत कुछ सीखा है। लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। लोग देखते हैं कि उनमें क्या है... जब वह बोलती हैं, तो दिल से बोलती हैं। वह उन विषयों पर बोलती हैं जिन्हें वास्तव में सुनने की जरूरत है और वह उन पर बहस करती हैं।''

### उन्नाव बलात्कार मामले में कुलदीप सेंगर की जेल की सजा निलंबित, जमानत मिली

**नयी दिल्ली/उन्नाव :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। अदालत ने कहा कि वह पहले ही सात साल, पांच महीने जेल में बिता चुका है। उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील लंबित रहने तक सेंगर की सजा पर रोक लगाई है। सेंगर ने दिसंबर 2019 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। हालांकि, वह जेल में ही रहेगा क्योंकि वह पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत के मामले में 10 साल की सजा भी काट रहा है और उस मामले में उसे जमानत नहीं मिली है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर ने 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतने की ही तीन जमानत राशियां जमा करने का निर्देश देकर सेंगर को जमानत दे दी।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 48 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त, आठ गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ यात्रियों से 48 करोड़ रुपये मूल्य का 48 किलोग्राम से अधिक हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये ज़ब्ती सीमा शुल्क हवाई अड्डा आयुक्त कार्यालय की एक टीम ने 18 से 22 दिसंबर के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर संचालित एक अभियान के दौरान की थी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर, अधिकारियों ने बैंकॉक (थाईलैंड) और मस्कट (ओमान) से आने वाले यात्रियों को हिरासत में लिया और अलग-अलग छापेमारी में शैम्पू की बोतलों और टिन के डिब्बों में छिपाकर रखे गए प्रतिबंधित सामान को बरामद किया। उन्होंने बताया कि बैंकॉक से आ रहे पांच यात्रियों के पास से कुल 35.045 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 35 करोड़ रुपये है।

### इंडिगो ने मंगलवार को विभिन्न हवाई अड्डों से 50 उड़ानें रद्द कीं

**मुंबई :** घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को लगभग 50 उड़ानें रद्द कर दीं। यह जानकारी एयरलाइन की वेबसाइट से मिली। इस महीने की शुरुआत में बड़े पैमाने पर परिचालन व्यवधान को लेकर इंडिगो के खिलाफ जांच की जा रही है। मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, पुणे, चंडीगढ़, अमृतसर, इंदौर और पटना समेत कई हवाई अड्डों से उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि, एयरलाइन ने उड़ान रद्द किये जाने का कोई कारण नहीं बताया है। इंडिगो को उसकी शीतकालीन अनुसूची के तहत शुरू में घरेलू मार्गों पर प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानें या प्रति दिन 2,144 उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी गई थी, जो कि 2025 की ग्रीष्मकालीन अनुसूची में उसके द्वारा संचालित प्रति सप्ताह 14,158 उड़ानों की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक थी।

# कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा के कारण भारत 'हिंदू-मुस्लिम समस्याओं' का सामना कर रहा : गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस के धर्मनिरपेक्षता के विचार और उसकी वोट बैंक की राजनीति के कारण देश अब भी समाज में हिंदू-मुस्लिम समस्याओं का सामना कर रहा है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि अंग्रेजी शब्द सेक्युलर का हिंदी अर्थ सर्व धर्म भाव या 'सभी के लिए न्याय, किसी का भी तुष्टिकरण नहीं' है, न कि धर्मनिरपेक्ष जैसा कि कांग्रेस ने अपनी सोच के आधार पर इसका वर्णन किया है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष गडकरी ने कहा, ''1947 के बाद कांग्रेस को देश पर शासन करने का अवसर मिला। अपनी विचारधारा के आधार पर उन्होंने कुछ बीज बोए... आजादी के बाद विभिन्न प्रकार की हिंदू-



मुस्लिम समस्याएं सामने आईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सेक्युलरवाद और उसके द्वारा दिए गए विवरण ने ही इन समस्याओं को जन्म दिया है, जिनका सामना देश आज भी कर रहा है। गडकरी ने कहा, सेक्युलर शब्द का अर्थ शब्दकोश में देखिए। इसका अर्थ 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं है। सेक्युलर का अर्थ है 'सर्व धर्म समभाव'। सभी के साथ न्याय और किसी का तुष्टीकरण न करना ही इसका सच्चा अर्थ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, दुर्भाग्यवश 1947 के बाद धर्मनिर्पक्षता की परिभाषा के रूप में राजनीति में जो समस्या उत्पन्न हुई वह अब भी हमारे लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा वोट बैंक की राजनीति के तहत अपनाई गई नीतियों ने ही इन समस्याओं को जन्म दिया है। गडकरी यहां उदय माहुरकर द्वारा लिखित पुस्तक माई आइडिया ऑफ नेशन फर्स्ट: रीडिफाइनिंग अनएलॉयड नेशनलिज्म के विमोचन के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अतीत में हुई गलतियों से सीखने के लिए इतिहास को याद करना आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में वे दो-हराई न जाएं।

# एसआईआर: तीन राज्यों, एक केंद्र शासित प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची से करीब 95 लाख नाम हटे

**नयी दिल्ली :** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल और अंडमान एवं निकोबार में लगभग 95 लाख मतदाताओं के नाम मंगलवार को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में नहीं मिले। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 3.10 लाख मतदाताओं में से 64,000 मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची में नहीं थे। इसी तरह केरल में भी 2.78 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 24.08 लाख लोगों के नाम मसौदा मतदाता सूची से हटा दिए गए। छत्तीसगढ़ में 2.12 करोड़ मतदाताओं में से 27.34 लाख मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची से हटा दिए गए। मध्य प्रदेश में 5.74 करोड़ मतदाताओं में से 42.74 लाख लोगों के नाम मसौदा मतदाता सूची से हटा दिए गए। अंतिम मतदाता सूचियां 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएंगी। जिन लोगों का नाम मसौदा मतदाता सूची से हटा दिया गया है, वे अब भी अपना नाम इसमें शामिल करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं और मतदाता पंजीकरण अधिकारी अंतिम निर्णय लेंगे।

### एसआईआर के तहत केरल में मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित, 24 लाख से अधिक नाम हटाए गए

केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार किया गया मतदाता सूची का मसौदा मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित गया, जिसमें से 24 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मसौदा सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है और इसकी प्रतियां राजनीतिक दलों को भी सौंप दी गई हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के गणना चरण के पूरा होने के बाद मसौदा सूची में 2,54,42,352 मतदाताओं को शामिल किया गया है, जबकि 24,08,503 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। हटाए गए नामों में से 6,49,885 नाम मृत व्यक्तियों से संबंधित हैं, 6,45,548 मतदाताओं का पता नहीं लगाया जा सका और 8,16,221 मतदाताओं की पहचान उनके पंजीकृत पते से स्थायी रूप से स्थानांतरित होने के रूप में की गई। इसके अतिरिक्त, 1,36,029 'डुप्लिकेट' मतदाताओं और अन्य श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले 1,60,830 मतदाताओं की पहचान की गई। पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू होने से पहले केरल की मतदाता सूची में 2,78,50,855 मतदाता थे। मतदाता सूची से हटाए गए नामों का प्रतिशत 8.65 है। केलकर ने कहा कि मसौदा सूची से संबंधित आपत्तियां और शिकायतें 22 जनवरी तक जमा की जा सकती हैं और अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के अहम सैन्य ठिकानों पर हमले किए: पूर्व वायुसेना प्रमुख चौधरी

**मुंबई :** भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जब पाकिस्तान ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया, तो भारतीय वायुसेना ने भी करारा जवाब देते हुए उसके सबसे अहम सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। चौधरी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई के कारण पाकिस्तान ने मई में चार दिन चले सैन्य संघर्ष के बाद आखिरकार घुटने टेक दिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अप्रैल में हुए पहलगाम हमले के जवाब में आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के लिए पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में हमला करने का बहुत ही साहसिक निर्णय लिया। एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) चौधरी आईआईटी बंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसमें पूर्व नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार और पूर्व सेना प्रमुख मनोज पांडे भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना की संयुक्त टीमों की साहसिक योजना का नतीजा था। सात मई को भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों पर हमला किया, जिनमें से दो शिविरों-बहावलपुर और मुर्दिके-पर मुख्य रूप से भारतीय वायु सेना ने हमला किया।

# 'डिब्बा ट्रेडिंग' और ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल गिरोह ने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए : ईडी

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर की एक विशेष अदालत को बताया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध डिब्बा ट्रेडिंग (प्रतिभूतियों का अवैध और अनियमित कारोबार) और ऑनलाइन सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल एक सिंडिकेट (गिरोह) के सदस्यों ने आपराधिक तरीकों से 404.46 करोड़ रुपये कमाए। ईडी की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया कि ईडी ने इंदौर, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और दुबई में बड़े पैमाने पर संचालित अवैध डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल एक सिंडिकेट के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की है। विज्ञप्ति के मुताबिक यह शिकायत इंदौर में धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) मामलों की एक विशेष अदालत के सामने सोमवार को दायर की गई। विज्ञप्ति में कहा गया, ''जांच में हेर-फेर से चलने वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी से जुड़ी वेबसाइट और अनियमित व्हाइट लेबल एप्लिकेशन (किसी कंपनी का विकसित ऐसा सॉफ्टवेयर या ऐप जिसे बिना किसी खास नियमन या लाइसेंस के दूसरे व्यवसायों को अपने नाम और ब्रांड के तहत इस्तेमाल करने के लिए बेच दिया जाता है) से कमाई गई 404.46 करोड़ रुपये की धनराशि का पता चला है।'' विज्ञप्ति के मुताबिक ईडी की जांच में इस रकम के अलावा 34.26 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है जिसमें 28.60 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति, 3.83 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और बैंक खातों में 1.83 करोड़ रुपये की जमाराशि शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया,''जांच में हेरफेर वाले तकनीकी तंत्र का पता चला जिसमें गड़बड़ियों वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, अवैध सट्टेबाजी की वेबसाइटें और सीमा पार का धनशोधन तंत्र शामिल हैं। विशाल अग्निहोत्री की पहचान इसके मुख्य संचालक के रूप में की गई है।'' विज्ञप्ति में तरुण श्रीवास्तव, श्रीनिवासन रामासामी, धवल देवराज जैन, धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी और निधि चंदनानी के खिलाफ भी अलग-अलग आरोपों का जिक्र किया गया है।

# प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन

**रायपुर :** भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार शाम निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके पुत्र शाश्वत शुक्ल ने यह जानकारी दी। शाश्वत शुक्ल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सांस लेने में तकलीफ होने के बाद शुक्ल को इस महीने की दो तारीख को रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान :एम्स: में भर्ती कराया गया था जहां आज शाम 4.48 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्ल के परिवार में उनकी पत्नी, बेटा शाश्वत और एक बेटी है। शाश्वत ने बताया कि शुक्ल के पार्थिव शरीर को पहले उनके निवास स्थान ले जाया जाएगा। उनके अंतिम संस्कार के संबंध में जल्द ही जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में सांस लेने में हो रही तकलीफ के बाद शुक्ल को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तबीयत में



सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी तब से वह घर पर ही इलाज करा रहे थे। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर को अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने के बाद उन्हें रायपुर एम्स ले जाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा था। 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'एक चुप्पी जगह' जैसे उपन्यासों के रचयिता विनोद कुमार शुक्ल को 59 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# संस्थागत प्रसव में वृद्धि के कारण भारत की मातृ मृत्यु दर में काफी गिरावट आई : नड्डा

**धार/बैतूल (मध्यप्रदेश) :** केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि देश में संस्थागत प्रसव दर बढ़कर 89 प्रतिशत हो गई है, जिससे प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि नागरिक हमेशा स्वस्थ रहें और बीमार ही न पड़ें। नड्डा ने धार और बैतूल जिलों में मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''देश में संस्थागत प्रसव की दर बढ़कर 89 प्रतिशत हो गई है, जिससे मातृ मृत्यु



दर (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी आई है।'' प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर होने वाली माताओं की मृत्यु को मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) कहा जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से प्रयास कर रही है कि नागरिक हमेशा स्वस्थ रहें और बीमार ही न पड़ें।'' एक अधिकारी ने बताया कि धार और बैतूल में दो मेडिकल कॉलेजों का निर्माण क्रमश: 260 करोड़ रुपये और 300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि आगामी मेडिकल कॉलेज पीपीपी मॉडल पर काम करने वाले देश में अपनी तरह के पहले कॉलेज होंगे और इनसे हर गांव में डॉक्टरों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि 11 साल पहले भारत को दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था, लेकिन अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# विशेष एनआईए अदालत ने अमेरिका स्थित कश्मीरी 'लॉबिस्ट' की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर की एक विशेष एनआईए अदालत ने अमेरिका स्थित कश्मीरी 'लॉबिस्ट' और दोषी करार दिए जा चुके पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट गुलाम नबी फई से संबंधित जमीन को तत्काल कुर्क करने का मंगलवार को आदेश दिया। बडगाम जिले के राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश याह्या फिरदौस ने वडवान और चट्टाबुघ नामक दो गांवों में 1.5 कनाल (लगभग 8,100 वर्ग फुट) से अधिक भूमि को जब्त करने की अनुमति दी। अदालत ने बडगाम के जिलाधिकारी को राजस्व और पुलिस अधिकारियों की सहायता से संपत्ति का तत्काल कब्जा लेने का निर्देश दिया। सहायक लोक अभियोजक मोहम्मद इकबाल राठेर ने आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 83 (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 85) के तहत फई की संपत्ति कुर्क करने का अनुरोध करते हुए अर्जी दायर की थी जिसके बाद अदालत ने यह आदेश पारित किया। मूल रूप से बडगाम निवासी फई को इस वर्ष अप्रैल में अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया था, क्योंकि उसने पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए जारी 30 दिन के नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया था। उसके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 2020 में मामला दर्ज किया गया था।

### महाराष्ट्र: नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने जीतीं 4,422 सीट

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने इस महीने की शुरुआत में हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में कुल 6,851 सीट में से 4,422 सीट जीती हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को 2,431, शिवसेना को 1,025 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को 966 सीट मिलीं। उम्मीदवारों की मृत्यु के कारण आठ सीट पर चुनाव स्थगित कर दिए गए। कुल 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए चुनाव दो तथा 20 दिसंबर को हुए, जिसके बाद मतगणना 21 दिसंबर को की गई। विपक्षी दलों में से कांग्रेस को 824 सीट मिलीं, जबकि उसके महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगी राकांपा (शरद चंद्र पवार) ने 256 तथा शिवसेना (उबाठा) ने 244 सीट जीतीं। आम आदमी पार्टी (आप) ने अहिल्यानगर में एक सीट हासिल की जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आठ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने एक-एक सीट जीती। सत्तारूढ़ भाजपा-राकांपा-शिवसेना गठबंधन ने नगर निगम अध्यक्ष के 288 में से 207 पद भी अपने नाम किए।

# जम्मू-कश्मीर: नव वर्ष से पहले माता वैष्णो देवी मार्ग पर चौबीसों घंटे निगरानी

**जम्मू :** नव वर्ष के अवसर पर तीर्थयात्रियों की संभावित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जम्मू और कश्मीर के रियासी में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर निगरानी बढ़ा दी गई है, जिसमें अधिक भीड़भाड़ वाले और संकरे रास्तों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मंदिर परिसर के अंदर और आसपास बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया है, जिसमें पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और मंदिर बोर्ड के सुरक्षा कर्मी शामिल हैं, जिन्हें त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) का समर्थन प्राप्त है। अधिकारियों ने बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सचिन कुमार वैश्य की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुचारू तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को यात्रा प्रबंधन और सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने का निर्देश दिया, विशेष रूप से मार्ग और तीर्थस्थल पर।

# मनरेगा से बेहतर है 'वीबी-जी राम जी' योजना, गांवों का कायाकल्प करेगी : शिवराज चौहान

**जयपुर :** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना ग्रामीण भारत को बदल देगी और यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के समय लाए गए मनरेगा से कहीं बेहतर है। नागौर के मेड़ता शहर में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि इस योजना में गांवों के सर्वांगीण विकास और मजदूरों के लिए रोजगार के बेहतर अवसरों का प्रावधान है। कांग्रेस द्वारा 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना के विरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग बड़े परेशान हैं, आलोचना कर



रहे हैं... गड़बड़ हो गई, लोगों का रोजगार छीन जाएगा।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा,''लेकिन यह योजना भारत के गांवों का कायाकल्प करके रख देगी। इसमें मजदूरों का कल्याण और किसानों का ध्यान भी रखा गया है।'' चौहान ने कहा कि मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कार्यक्रम के तहत मजदूरों को 100 दिन का रोजगार दिया जाता है, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। चौहान ने कहा, हमने इसे घटाया नहीं बल्कि बढ़ाया है। वे (कांग्रेस) मजदूरों को डराने और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब इस योजना के तहत कुल वार्षिक खर्च लगभग 1.51 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस खेत नहीं जानती, गलियां नहीं जानती। उन्होंने न तो खेत देखे हैं और न ही गांव और न ही धूल। उन्हें यह भी नहीं पता कि आलू जमीन के नीचे उगते हैं या ऊपर।

### माल्या के भारत लौटने पर ही भगोड़ा अपराधी कानून के विरूद्ध उसकी याचिका पर होगी सुनवाई: उच्च न्यायालय

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या को मंगलवार को स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक वह हलफनामा दाखिल कर भारत लौटने की अपनी योजना के बारे में नहीं बताता, अदालत भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) अधिनियम को चुनौती देने संबंधी उसकी याचिका पर विचार नहीं करेगी। वर्ष 2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं। एक में उसने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी है। वहीं, दूसरी में उसने 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया है। भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में मुकदमे का सामना करने के लिए वांछित 70 वर्षीय कारोबारी से उच्च न्यायालय ने उसकी दो याचिकाओं की सुनवाई के दौरान स्वदेश लौटने के बारे में पूछा। मुख्य न्यायाधीश श्री चन्द्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने सवाल किया कि कारोबारी की कब भारत लौटने की योजना है।

### सैमसंग बनी मैटर-कॉम्पैटिबल कैमरों को सपोर्ट करने वाली पहली कंपनी

**कोलकाता:** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने घोषणा की है कि उसका स्मार्ट होम प्लेटफॉर्म 'स्मार्टथिंग्स' अब मैटर 1.5 को सपोर्ट करेगा। इसके साथ ही सैमसंग उद्योग की पहली कंपनी बन गई है जो मैटर-कॉम्पैटिबल कैमरों को सपोर्ट करेगी। कंपनी इस महीने के अंत से स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म का अपडेट शुरू करेगी, जिससे लाइट, डोर लॉक, स्विच, सेंसर्स और अब कैमरों सहित मैटर डिवाइसेस की संख्या और बढ़ जाएगी। सैमसंग के अनुसार, इस अपडेट के बाद स्मार्टथिंग्स दुनिया का ऐसा स्मार्ट होम प्लेटफॉर्म बन जाएगा जो सबसे अधिक मैटर डिवाइसेस को सपोर्ट करता है। स्मार्टथिंग्स टीम के कार्यकारी उपाध्यक्ष जेयेऑन जंग ने कहा कि सैमसंग का लक्ष्य विभिन्न ब्रांड और तकनीक वाले उत्पादों के लिए एक समान स्मार्ट होम अनुभव देना है। मैटर 1.5 में सुरक्षा कैमरों, वीडियो डोरबेल, मोशन डिटेक्शन और लाइव वीडियो जैसे फीचर्स शामिल हैं। सैमसंग ने अकारा, ईव और अल्टीकैम जैसी कंपनियों के साथ साझेदारी की है, जिनके मैटर कैमरे मार्च 2026 से बाजार में आने की उम्मीद है।

### अमेजन बाजार के अल्ट्रा-अफोर्डेबल फेस्टिव प्रोडक्ट्स से क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न

**कोलकाता :** क्रिसमस और न्यू ईयर के मौके पर अमेजन बाजार ग्राहकों के लिए किफायती और आकर्षक फेस्टिव प्रोडक्ट्स की शानदार रेंज लेकर आया है। गिफ्टिंग आइटम्स से लेकर होम डेकोर और पार्टी एक्सेसरीज तक, अमेजन बाजार पर 2 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध हैं। फेस्टिव सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे प्रोडक्ट्स में 188 रुपये का क्रिसमस कॉफी मग, 170 रुपये का बीच थीम पर्ल शेल लैंप, 147 रुपये का मिनी टेबलटॉप क्रिसमस ट्री, 199 रुपये का वुडन टी कोस्टर सेट, 159 रुपये की एलईडी स्नोफ्लेक फेयरी लाइट, 199 रुपये की आर्टिफिशियल क्रिसमस रीथ और डिजाइनर टी-लाइट कैंडल होल्डर शामिल हैं। अमेजन बाजार बजट-फ्रेंडली शॉपिंग के लिए एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है, जहां बाय मोर, सेव मोर जैसे ऑफर्स के साथ आसान और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव मिलता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 24 वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार प्रदान किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को प्रख्यात खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नार्लीकर को ब्रह्मांड विज्ञान में उनके योगदान तथा विज्ञान को लोकप्रिय बनाने को लेकर मरणोपरांत विजयन रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार पुणे स्थित अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र के निदेशक आर श्रीआनंद ने ग्रहण किया। नार्लीकर ने इस केंद्र की स्थापना की थी। मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार भी प्रदान किया। दूसरे राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार में, प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को चार श्रेणियों – विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा और विज्ञान टीम में 24 पुरस्कार प्रदान किए गए। आधिकारिक बयान में कहा गया,



''राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी-आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और नवोन्मेषकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से या टीम में किए गए उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायक योगदान को मान्यता देना है।'' प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सिंह को गेहूं 'ब्रीडर' के रूप में जाना जाता है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के भौतिकी समूह के निदेशक यूसुफ मोहम्मद शेख को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार से नवाजा गया। कोशकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के के. थंगराज ने जीव विज्ञान के क्षेत्र में यह पुरस्कार जीता। आईआईटी-मद्रास के प्रदीप थलप्पिल ने रसायन विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री पुरस्कार प्राप्त किया है। रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित को अभियांत्रिकी विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक एस वेंकट मोहन को पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। रामकृष्ण संप्रदाय के साधु और 'टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' में गणित के प्रोफेसर महान महाराज को गणित एवं कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र के जयन एन को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उनके योगदान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बयान के अनुसार, जगदीश गुप्ता कपुगंती (कृषि विज्ञान), सतेंद्र कुमार मंगरौथिया (कृषि विज्ञान), देबरका सेनगुप्ता (जीव विज्ञान), दीपा अगाशे (जीव विज्ञान), दिब्येंदु दास (रसायन विज्ञान), वलीउर रहमान (पृथ्वी विज्ञान) और अर्कप्रवा बसु (इंजीनियरिंग विज्ञान) को विज्ञान युवा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विज्ञान युवा पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सब्यसाची मुखर्जी (गणित और कंप्यूटर विज्ञान), श्वेता प्रेम अग्रवाल (गणित और कंप्यूटर विज्ञान), सुरेश कुमार (चिकित्सा), अमित कुमार अग्रवाल (भौतिकी), सुरहुद श्रीकांत मोरे (भौतिकी), अंकुर गर्ग (अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी) और मोहनशंकर शिवप्रकाशम (प्रौद्योगिकी और नवाचार) भी शामिल थे।

# शेफाली के तूफानी अर्धशतक से भारत ने श्रीलंका को दूसरे महिला टी20 में रौंदा

**विशाखापत्तनम:** स्नेह राणा की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और इसके बाद शेफाली वर्मा की आक्रामक अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को 49 गेंद शेष रहते सात विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया। स्नेह राणा ने चार ओवर में सिर्फ 11 रन देकर कप्तान चामरी अटापट्टू का अहम विकेट लिया। युवा स्पिनरों वैष्णवी शर्मा और श्री चरणी ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट



झटके। हर्षिता समरविक्रमा (33) और अटापट्टू (31) के योगदान के बावजूद श्रीलंकाई टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत आक्रामक रही। स्मृति मंधाना (14) ने तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन असली धमाल शेफाली वर्मा ने मचाया। उन्होंने 34 गेंदों में नाबाद 69 रन की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था। शेफाली ने जेमिमा रोड्रिग्स (26) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की तेज साझेदारी कर मैच को एकतरफा बना दिया। पावरप्ले में भारत का स्कोर 68 रन तक पहुंच गया। जेमिमा के आउट होने के बाद भी शेफाली का आक्रमण जारी रहा और उन्होंने 27 गेंदों में अपना 12वां टी20 अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 11.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। क्षेत्ररक्षण में भी भारतीय टीम ने सुधार दिखाया और तीन रन आउट किए। कुल मिलाकर यह भारत की एक बेहद प्रभावशाली और संतुलित जीत रही।

## विजय हजारे ट्रॉफी: कोहली-रोहित की मौजूदगी से बढ़ा रोमांच

**बेंगलुरु:** बुधवार से शुरू हो रही राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट चैंपियनशिप विजय हजारे ट्रॉफी में विराट कोहली, रोहित शर्मा और शुभमन गिल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की भागीदारी से टूर्नामेंट की चमक काफी बढ़ गई है। बीसीसीआई द्वारा सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए कम से कम दो घरेलू मैच खेलना अनिवार्य किए जाने के बाद यह स्थिति बनी है। करीब 15 साल बाद कोहली इस टूर्नामेंट में उतरेंगे, जबकि रोहित शर्मा मुंबई की ओर से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ शुरुआती दो मुकाबले खेलेंगे। कोहली दिल्ली की टीम से किस मैच में उतरेंगे, इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे अन्य सितारे भी चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे।

## दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपील 2026 से पहले जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान बनाया

**नयी दिल्ली:** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सत्र से पहले भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान नियुक्त किया। पच्चीस वर्षीय रोड्रिग्स ने हाल ही में आईसीसी महिला विश्व कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रनों के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 127 रन की शानदार पारी खेली थी। रोड्रिग्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं टीम के मालिकों और सपोर्ट स्टाफ की आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे इस टीम का नेतृत्व करने का मौका दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'विश्व कप जीतना और अब



महिला प्रीमियर लीग के पहले सत्र से मेरे दिल में खास जगह रखने वाली फ्रेंचाइजी में यह शानदार अवसर मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए सचमुच एक सपने जैसा साल रहा है।' दल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल की शुरुआती नीलामी में सबसे पहले रोड्रिग्स को ही चुना था। उन्होंने 27 डब्ल्यूपीएल मैचों में 139.67 के स्ट्राइक रेट से 507 रन बनाए हैं। वह लीग के तीनों सत्र के फाइनल खेलने वाली खिलाड़ियों में शामिल है।

## नीरज चोपड़ा ने मोदी से मुलाकात की, खेलों पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात की। इस साल की शुरुआत में एक निजी समारोह में पूर्व टेनिस खिलाड़ी मोर से परिणय सूत्र में बंधने वाले चोपड़ा इस समय किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। खेल समेत कई मुद्दों पर हमारी अच्छी बातचीत हुई।' चोपड़ा के लिए यह साल मिला-जुला रहा। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर भाला फेंककर यह जादुई आंकड़ा पार किया, लेकिन फिटनेस संबंधी



समस्याओं से जूझने के कारण वह सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे। उन्होंने बेंगलुरु में अपने नाम पर स्थापित भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी भी की और उसमें जीत हासिल की। इस स्टार खिलाड़ी ने सत्र की शुरुआत में चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी को अपना नया कोच नियुक्त किया था।

## दीप्ति आईसीसी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष टी20 गेंदबाज बनीं

**दुबई:** स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मंगलवार को अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं।









वर्ष 10, पूर्णांक 3452 अंक 262, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in